दैनिक हिन्दी अख़बार


# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 195 जयपुर, सोमवार, 24 जून, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष- तृतीया, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### 18वीं लोकसभा के पहले संसद सत्र का आगाज आज से



**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का पहला संसद सत्र सोमवार से शुरू होगा। सत्र की शुरुआत में सभी 280 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे, जबकि अगले दिन 264 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे। लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। सबसे पहले सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी कैबिनेट में शामिल मंत्री बतौर सांसद शपथ लेंगे। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब उन्हें शपथ दिलाएंगे। इसके बाद नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी। पीएम के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी शपथ ग्रहण करेंगे।

-पेज 8 भी देखें

### पुलिस ने एक लाख के इनामी तस्कर को किया अरेस्ट

**बाड़मेर।** बाड़मेर और जोधपुर रेंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 साल से फरार चल रहे एक लाख रुपए के इनामी हार्डकोर अपराधी को गिरफ्तार करने की सफलता हासिल की है। जोधपुर रेंज पुलिस ने 'ऑपरेशन मोना' चलाकर मादक पदार्थों के कुख्यात तस्कर जसाराम को धर दबोचा। जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि बायतु निवासी जसाराम 15-20 सालों से मादक पदार्थों की तस्करी कर रहा है। 15 साल में एक बार भी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया। 12वीं कक्षा पास करने के बाद जसाराम ने ड्राइविंग से अपने कॅरिअर शुरुआत की। इसके बाद अवैध शराब का धंधा किया, लेकिन उसमें भी ज्यादा कमाई नहीं होने के चलते मादक पदार्थों की तस्करी करना शुरू कर दिया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं ।

**NGO, सिविल सोसाइटी एवं उपभोक्ता फोरम प्रतिनिधियों से बजट पूर्व संवाद में मुख्यमंत्री बोले...**

# प्रदेश के समग्र विकास में सभी वर्गों की भागीदारी जरूरी

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में एनजीओ एवं सिविल सोसाइटी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि एनजीओ तथा सिविल सोसाइटी के सदस्य जमीनी स्तर पर काम कर अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सीएम शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में एनजीओ, सिविल सोसाइटी एवं उपभोक्ता फोरम प्रतिनिधियों से बजट पूर्व संवाद को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, शिक्षा, पोषण, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू कल्याण तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में काम करने का अनुभव होता है। इस बजट पूर्व चर्चा में प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों का परीक्षण कर उन्हें आगामी परिवर्तित बजट में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान, महिलाओं को समान अवसर, गरीब कल्याण, किसानों का सामाजिक-आर्थिक विकास, युवा कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा नशे की प्रवृत्ति से दूर रहे। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर जन-जागरूकता से लेकर नशा माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का कार्य किया जा रहा है। बैठक में एनजीओ, सिविल सोसाइटी तथा उपभोक्ता फोरम के प्रतिनिधियों ने सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, जल एवं पर्यावरण संरक्षण, कौशल विकास, अवसंरचना विकास, आदिवासी कल्याण, घुमंतू कल्याण, स्वरोजगार, गौसेवा, कचरा प्रबंधन, उपभोक्ता हितों के संरक्षण आदि संबंधित विषयों पर सुझाव साझा किए।

### सिविल सोसाइटी की अहम भूमिका

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए बजट को समावेशी एवं जनोन्मुखी रूप प्रदान किया जाए। इसके लिए स्वयंसेवी संगठनों तथा सिविल सोसाइटी की भागीदारी भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास' की मूल भावना के साथ सभी हितधारकों से आगामी परिवर्तित बजट के लिए उपयोगी फीडबैक लिया जा रहा है।

### इन मंत्रियों ने भी रखे अपने विचार

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढीकरण, विस्तार तथा सहज उपलब्धता के लिए नीति निर्माण कर रही है। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत तथा ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधे लगाने का कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है।

**मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में CM बोले...**

# 'भाजपा कार्यकर्ता का जीवन समाज और देश को समर्पित'

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा के कार्यकर्ताओं को पार्टी, समाज और देश के लिए समर्पित बताते हुए उनका आह्वान किया है कि वे जनता के बीच जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करें। सीएम शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों को मिटाना और जरूरतमंद की मदद करना ही उसके जीवन का उद्देश्य होता है, इसलिए उसे सम्मान मिलना चाहिए।

उन्होंने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें याद करते हुए कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे, जिन्होंने देश भर में आजादी की अलख जगाई और अपना पूरा जीवन मां भारती को समर्पित कर दिया। सीएम शर्मा ने कहा कि उन्होंने राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए कश्मीर मुद्दे पर तत्कालीन कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया और जनसंघ का गठन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का वादा किया था। सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दृढ़ इच्छा शक्ति का परिचय देते हुए अनुच्छेद 370 को हटा दिया गया।सीएम ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करने में मदद करें। मंडल अध्यक्ष पार्षद के साथ मिलकर क्षेत्र के निवासियों के दुख तकलीफ को दूर करें। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पूरे समर्पण भाव से पार्टी और समाज के लिए कार्य करता है ।





### एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ

प्रदेश में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पर अपनी मां गोमती देवी के साथ बिल्व का पौधा लगाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पेड़ हमारे परम मित्र हैं और हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के साथ ही पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखते हैं। सीएम भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधरोपण करें और पर्यावरण को स्वच्छ व हरा-भरा रखने में योगदान दें।

#### पीएम मोदी ने किया था अभियान का आगाज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ किया था। उन्होंने नई दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में पीपल का पेड़ लगाते हुए देशवासियों से आग्रह किया था कि वे सभी अपनी माताजी के नाम पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं।

**छत्तीसगढ़ के सुकमा के पास की घटना**

# नक्सलियों के IED ब्लास्ट में CRPF के दो जवान शहीद



एजेंसी | सुकमा


छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को नक्सलियों ने एक ट्रक को इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से उड़ा दिया। इसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की जंगल युद्ध इकाई कोबरा के दो जवान बलिदान हो गए।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि नक्सली विस्फोट राज्य की राजधानी रायपुर से 400 किलोमीटर दूर सुरक्षा बलों के सिलगेर और टेकलगुडेम शिविरों के बीच तिम्मापुरम गांव के पास दोपहर करीब 3 बजे हुआ। उन्होंने बताया कि कमांडो बटालियन फॉर रिजोल्यूट एक्शन (कोबरा) की 201वीं इकाई की एक अग्रिम पार्टी ने जगरगुंडा पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत सिलगेर कैंप से टेकलगुडेम की ओर अपनी रोड ओपनिंग पार्टी ड्यूटी के एक हिस्से के रूप में गश्त शुरू की थी।

सुरक्षाकर्मी एक ट्रक और मोटरसाइकिल पर थे। मूवमेंट के दौरान रविवार दोपहर करीब 3 बजे 201 कोबरा वाहिनी का ट्रक आईईडी की चपेट में आ गया। इसमें कांस्टेबल शैलेंद्र (29) और वाहन चालक विष्णु आर (35) की जान चली गई।

# CBI ने NEET-UG पेपर लीक केस में दर्ज की FIR

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा 18 जून को कराए गए UGC-NET एग्जाम और 5 मई को NEET-UG एग्जाम में कथित तौर पर पेपर लीक मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। यूजीसी नेट के बाद सीबीआई ने शिक्षा मंत्रालय से मिली शिकायत पर रविवार को NEET-UG एग्जाम के लिए भी कथित रूप से हुए पेपर लीक मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। सीबीआई ना केवल दोनों पेपरों में 'पेपर लीक गैंग' का पता लगाएगी, बल्कि इस मामले में अगर एनटीए के किसी टॉप अधिकारी से लेकर निचले कर्मचारी तक भी तार जुड़े हुए हैं, तो उसे भी गिरफ्तार करेगी। सीबीआई ने तदनुसार एक आपराधिक मामला दर्ज किया है और जांच शुरू की है। मामले की सर्वोच्च प्राथमिकता पर जांच करने के लिए सीबीआई द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया है एवं इन टीमों को पटना और गोधरा भेजा गया है, जहां स्थानीय पुलिस ने मामले दर्ज किए हैं।




-पेज 5 भी देखें

**सफल लैंडिंग की हैट्रिक**

# ISRO ने फिर किया कमाल... RLV पुष्पक की तीसरी सफल लैंडिंग

- चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किमी. की ऊंचाई पर हवा में छोड़ा गया रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल
- व्हीकल ने धीमी गति से उड़ान भरने के बाद लैंडिंग गियर के साथ एटीआर में किया लैंड

एजेंसी | नई दिल्ली

इसरो ने एक बार फिर कमाल कर दिया है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने आरएलवी पुष्पक की सफल लैंडिंग कर दी है। इसरो ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल (RLV) की लगातार तीसरी बार लैंडिंग एक्सपेरिमेंट में सफलता हासिल की। इससे पहले 22 मार्च को इसरो ने इसकी दूसरी सफल लैंडिंग की थी। लैंडिंग के बाद इसरो ने कहा कि लैंडिंग के लिए काफी मुश्किल परिस्थितियां पैदा की गई थी, लेकिन चुनौतीपूर्ण परिस्थियों में तेज हवाओं के बीच ऑटोमैटिक लैंडिंग कराई गई।

'पुष्पक' की सफल लैंडिंग को लेकर इसरो ने बताया कि इससे पहले हमारा आरएलवी एलईएक्स-01, आरएलवी एलईएक्स-02 मिशन भी सक्सेसफुल रहा था। इस बार चुनौतियां ज्यादा थीं, हवा तेज थी और 'पुष्पक' को रनवे से 4.5 किमी दूर, 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया था। 'पुष्पक' ने बड़ी ही कुशलता से हवा में अपना रास्ता खुद बनाया और रनवे पर उतर गया।

यह कामयाबी इसलिए भी खास है क्योंकि 'पुष्पक' की रफ्तार किसी आम हवाई जहाज या लड़ाकू विमान से कहीं ज्यादा थी। 320 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उतरने के बाद ब्रेक पैराशूट की मदद से इसकी रफ्तार 100 किमी प्रति घंटे तक लायी गई। इसके बाद इसके पहियों के ब्रेक ने काम किया और यह पूरी तरह से रुक गया। जमीन पर चलते हुए 'पुष्पक' ने अपने आप ही संतुलन बनाए रखा और रनवे पर सीधा चलता रहा।




### क्या है आरएलवी परियोजना

इसरो की आरएलवी परियोजना एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह अंतरिक्ष में मानव की निरंतर उपस्थिति की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगा। भारत की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए यह मिशन बेहद जरूरी है। RLV-LEX-03 का उद्देश्य वाहन के प्रदर्शन, मार्गदर्शन और लैंडिंग क्षमताओं में सुधार करना है।

### 'जय विज्ञान-जय अनुसंधान' गौरवशाली उपलब्धि!



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आरएलवी 'पुष्पक' की लगातार तीसरी सफल लैंडिंग पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के समस्त वैज्ञानिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर दिए बधाई संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में भारत के वैज्ञानिक अंतरिक्ष के क्षेत्र में निरंतर नवीन कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई।

### इस मिशन से क्या होगा फायदा

इसरो ने बताया कि यह मिशन दिखाता है कि भविष्य में अंतरिक्ष से लौटने वाले यान कैसे उतरेंगे। वीएसएससी के निदेशक डॉ. एस उन्नीकृष्णन नायर ने कहा कि यह सतत सफलता भविष्य के कक्षीय पुन: प्रवेश मिशनों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण तकनीकों में इसरो के विश्वास को बढ़ाती है।

## जरूरी खबर

### मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में हो शत प्रतिशत उपस्थिति



**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने रविवार को शासन सचिवालय में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव की तैयारियों पर बैठक ली और अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बताया कि 29 जून को होने वाले इस आयोजन में 20 हज़ार से अधिक नवनियुक्त कार्मिक शामिल होंगे। महोत्सव में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा नव नियुक्त राजकीय कार्मिकों संवाद भी करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर में मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा।

### उसी अंगुली को काटते हैं जिसे पकड़ चलना सीखे: राजे

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि आज लोग उसी की अंगुली काटने का प्रयास करते हैं, जिसे पकड़कर वो चलना सीखते हैं। यह बात राजे उदयपुर में विशिष्ट जन सम्मान समारोह कही। कार्यक्रम में असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया भी मौजूद रहे। इस दौरान कटारिया की मंच पर एक संघ कार्यकर्ता से बहस भी हो गई और उन्होंने बुजुर्ग को मंच से धकेल दिया। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री का सम्मान करना चाहता था, लेकिन कटारिया ने उन्हें रोक दिया। सुरक्षाकर्मियों ने कार्यकर्ता को जबरन मंच से उतार दिया है। इससे पहले राजे ने कहा कि गुलाबचंद कटारिया ने चुन-चुनकर लोगों को भाजपा से जोड़ा है।

### पौधे लगाकर करें प्रकृति का संरक्षण: गौतम



**जयपुर।** सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक बालोतरा दौरे पर रहे। इस दौरान मंत्री गौतम कुमार दक ने नाकोड़ा तीर्थ स्थल का दर्शन कर पौधारोपण किया। सहकारिता मंत्री दक ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मानसून सत्र में विभिन्न सहकारी संस्थाओं में अधिकाधिक पौधे लगाए जाए और प्रकृति संरक्षण में सहकारी संस्थाएं महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाए। दक ने बाड़मेर व बालोतरा जिले में दो हजार और जोधपुर जोन में दस हजार से अधिक पौधे लगाने को कहा। इस दौरान सहकारिता विभाग से शुद्धोधन उज्ज्वल अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां जोधपुर जोन और अनिल बिश्नोई, प्रबंध निदेशक बाड़मेर सेंट्रल को ऑपरेटिव बैंक मौजूद थे।

---

जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा...

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया डॉ. मुखर्जी के नारे को साकार

बेधड़क | जयपुर

भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने ''स्मरण अभियान'' की शुरुआत की। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने ''एक पेड़ माँ के नाम अभियान'' की भी शुरुआत की। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए कहा कि मुखर्जी ने अपने जीवन को राष्ट्र के प्रति समर्पित कर दिया था। कश्मीर को लेकर डॉ. मुखर्जी ने नारा दिया था कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। इस नारे को 70 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने 70 मिनट में पूरा करते हुए कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाने का ऐतिहासिक काम किया। वहीं दूसरी ओर कुछ राष्ट्र विरोधी लोग और पार्टी कश्मीर के मामले को यूएन में ले जाने का काम कर रहे थे, धारा 370 के बिल को संसद में फाड़ने का काम कर रहे थे, ऐसी राष्ट्र विरोधी शक्तियों को कमजोर करने के लिए भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को एकजुट होकर डॉ मुखर्जी के पदचिन्हों चलना होगा।



### उस समय चित्तौड़गढ़ सीट ने दिया था जनसंघ का साथ

सीपी जोशी ने कहा कि जनसंघ की स्थापना के बाद जब देश में संघ की तीन सीटें आई थी, उस दौर में 1 सीट राजस्थान से चित्तौड़गढ़ की भी थी। ऐसे में राजस्थान ने भी उस दौर में जनसंघ का दीया जलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। डॉ. मुखर्जी ने देश में पंडित नेहरू के परमिट व्यवस्था कसविरोध किया था।

### डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक

भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी नेता थे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी और शिक्षाविद् डॉ. मुखर्जी के जीवन चरित्र को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए। डॉ. मुखर्जी का देश के लिए त्याग, बलिदान आज भी याद किया जाता है। डॉ मुखर्जी उस दौर में जो विचार लेकर चले थे, उनके विचारों को देश में समझने वाला कोई नहीं था। इसके बावजूद उन्होंने अपने विचारों को आगे बढाया। हमें डॉ. मुखर्जी की विचारधारा को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उनकी विद्वता के बारे में चर्चा करनी चाहिए। डॉ. मुखर्जी के सपने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा करने का काम किया। कश्मीर में जिन हाथों में पत्थर हुआ करते थे, मोदी ने उन हाथ को रोजगार दिया है।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा, नगर निगम उप महापौर पुनीत कर्णावत, भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री अजीत मांडण, ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल मौजूद रहे।

---

राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) कार्यक्रम में बोले सीएम शर्मा

# हालात और परिस्थितियां कैसी भी हों, राष्ट्र सर्वोपरी: मुख्यमंत्री

बेधड़क | धौलपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीतिक आरोप लगाते हुए देश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के भी आरोप लगाए। मुख्यमंत्री यहां राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने उद्योग मंत्री होते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया था। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश को दिशा देने का काम किया था। वह बंगाल के रहने वाले थे, लेकिन कश्मीर तक उन्होंने लड़ाई लड़ी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश शुरू से तुष्टीकरण के आधार पर चला है। आजादी के बाद जब धारा 370 लगाई गई थी, तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने विरोध किया था। देश की एकता और अखंडता के लिए उन्होंने काम किया था। कश्मीर में उनको गिरफ्तार कर लिया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मंशा धारा 370 को हटाने की थी, लेकिन उनका सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से धारा 370 देश से हटाई गई। उन्होंने कहा कि भारत देश के प्रत्येक व्यक्ति के अंदर देश प्रेम की भावना रहनी चाहिए। हालात और परिस्थितियां कैसी भी हों, लेकिन हम राष्ट्र को सर्वोपरी मानते हैं। बाद में संगठन इसके बाद व्यक्ति विशेष को वरीयता दी जाती है। उन्होंने सरकार की कार्यशैली का बखान करते हुए कहा कि समाज हितैषी एवं जन हितेषी काम किए जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि भाजपा द्वारा किए गए घोषणा पत्र के 45% काम पूरे किए जा चुके हैं। शेष बचे कामों को जल्द ही पूरा किया जाएगा। सीएम ने मंच से अपील करते हुए कहा कि समाज के सभी लोगों को सरकार को सुझाव देने चाहिए। सुझाव मिलने पर सरकार और अच्छा काम कर सकती है। मजबूत राजस्थान और देश बनाने में आपके सुझाव सार्थक साबित हो सकते हैं।




### पिछली सरकार ने बढ़ाया भार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछली कांग्रेस की सरकार प्रदेश में कर्ज का भार बढ़ा कर गई है। बिजली के क्षेत्र में पूर्व की कांग्रेस सरकार भारी भरकम कर्ज छोड़कर गई है, लेकिन भाजपा सरकार इस कर्ज की भरपाई करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा महिला, किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग आदि से किए गए सभी वादे पूरे किए जाएंगे। सत्ता में आने के बाद भाजपा ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सराहनीय काम किए हैं।

### कांग्रेस की तुष्टीकरण की रही नीति

भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आजादी के आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका रही थी, लेकिन आजादी मिलने के बाद कांग्रेस की नीति तुष्टीकरण की रही। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को बढ़ावा कांग्रेस ने दिया, जिसका विरोध सबसे पहले श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी को शिखर तक ले जाना डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की देन रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जैसे ही मंच पर पहुंचे, उसी वक्त तेज आंधी के साथ बरसात का दौर शुरू हो गया। तेज बरसात होने पर पंडाल के ऊपर से भी सीएम के ऊपर पानी की बूंदे टपकने लग गई। सुरक्षा कर्मियों ने पहले सीएम के ऊपर फाइल लगाई फिर उसके बाद छाते का प्रबंध किया गया, जब तक सीएम ने भाषण दिया, तब तक बारिश का दौर भी लगातार जारी रहा।

---

मुख्यमंत्री लाभार्थियों से करेंगे संवाद

## 27 जून को झुंझुनूं से होगी बढ़ी हुई पेंशन राशि हस्तांतरित

बेधड़क | जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 27 जून को झुंझुनूं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का पेंशनर्स के खातों में डीबीटी करेंगे। इस दौरान शर्मा लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि चुनाव पूर्व किया गया एक और वादा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी ने पूरा किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास सबका विश्वास की भावना से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति व उनके परिवार को राज्य सरकार की सुविधाओं से लाभान्वित करने को प्रतिबद्ध है और आगे भी सरकार लोक कल्याण के कार्य जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन विकसित भारत व विकसित राजस्थान का संकल्प भी पूरा करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का एक साथ सीधा हस्तांतरण लाभार्थियों के खाते में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 88.44 लाख लाभार्थियों के खाते में 1038.55 करोड़ रुपए की राशि डीबीटी की जाएगी। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल 2024 से पेंशन राशि 1000 से बढ़ाकर 1150 रुपए दी जा रही है। विभाग द्वारा मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना, लघु एवं सीमान्त वृद्धजन कृषक सम्मान पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। अविनाश गहलोत ने बताया कि राज्य सरकार बुजुर्गों व जरूरतमंदों को पेंशन देकर उन्हें आर्थिक सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रही है तथा तथा समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्ग को मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

---

आगामी बजट और विकास योजनाओं पर हुई चर्चा

## डिप्टी सीएम ने की केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात

बेधड़क | जयपुर

नई दिल्ली में रविवार को प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने केंद्रीय विधि और न्याय (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। उपमुख्यमंत्री ने मुलाकात कर केंद्रीय मंत्री मेघवाल को केंद्रीय मंत्रिमंडल में नवीन दायित्व की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने मेघवाल को प्रदेश के आगामी बजट व विकास योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी।



---

### सचिवालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ने की सीएम से मुलाकात



*जयपुर। राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बुद्धि प्रकाश शर्मा ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से उनके निवास पर की शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उनके साथ पूर्व अध्यक्ष अभिमन्यु शर्मा भी साथ रहे। अध्यक्ष शर्मा ने संगठन के शपथ ग्रहण समारोह की तारीख के बारे में सीएम से चर्चा की।*

---

गृह राज्य मंत्री ने अटलबंध थाने के निरीक्षण के दौरान कहा...

# भजनलाल सरकार में गिरा अपराध का ग्राफ, अपराधियों में भय व्याप्त

बेधड़क | जयपुर

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने राज्य सरकार की मंशानुरूप अपराध मुक्त राजस्थान के ध्येय को साकार करने के उद्देश्य से रविवार को भरतपुर में अटलबंध थाने का औचक निरीक्षण कर थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप अपराध के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेन्स की नीति है। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुये सलाखों के पीछे धकेलने के लिये राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल की सरकार बनने के बाद राजस्थान में अपराध का ग्राफ तेजी से घटा है, गैंगवार की वारदातों पर रोक लगी है। साथ ही साईबर अपराध के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही की जा रही है, गैंगस्टर राज्य छोड़कर प्रदेश के बाहर भाग रहे हैं। साथ ही संगठित अपराधों व हत्या जैसे संगीन मामलों में लगातार कमी आई है। उन्होंने कहा कि अपराध के खिलाफ पुलिस प्रशासन में सुधार करते हुए आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिस्टम की खामियों को दूर करते हुये सरकार व पुलिस संयुक्त प्रयास के साथ अपराध के खिलाफ मुश्तैदी से खड़ी है।



### अपराधियों के खिलाफ सघन अभियान

निरीक्षण के दौरान गृह राज्य मंत्री ने पुलिस के उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुलिस सिस्टम में आवश्यक सुधार करते हुये अपराधियों के खिलाफ सघन अभियान चलायें। उन्होंने कहा कि विभाग में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों के कार्यों को सराहा जाएगा। वहीं लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने शहरी क्षेत्र के होटलों एवं गेस्ट हाउसों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश प्रदान किए।

### निरीक्षण कर दिए निर्देश

गृह राज्य मंत्री ने निरीक्षण के दौरान कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका की जांच कर गश्त में लगे कार्मिकों की उपस्थिति की जानकारी लेते हुये मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश प्रदान किये। गश्त कार्य में लापरवाही पाये जाने पर गृह राज्य मंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उच्च अधिकारियों को व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्मिकों की ड्यूटी के समय को कार्मिक के नाम के साथ ही रजिस्टर में दर्ज करें। उन्होंने केस रजिस्टर की जांच कर उच्च अधिकारियों एवं थाना इंजार्च से लम्बित प्रकरणों के बारे में जानकारी लेते हुए थाने में 2007, 2009 एवं 2011 तक के लम्बित प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुये इनका समयबद्व निस्तारण करने के निर्देश दिए।

### हरसंभव सहायता प्रदान की जाए

बेढम ने इस दौरान अनुसंधान कक्ष, मालखाना, बंदी कक्ष एवं महिला डेस्क का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार के निर्देश प्रदान किए और थाने में आने वाले फरियादियों को हरसंभव सहायता प्रदान करने, उनके बैठने व पेयजल आदि की उचित व्यवस्था करते हुये उनके साथ उचित व्यवहार करने के निर्देश दिये।

## जरूरी खबर

### हथियार दिखाकर लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार



**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने राहगीरों को हथियार दिखाकर लूटने वाले तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों बदमाशों के पास से एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, 2 जिंदा कारतूस और लूट की रकम बरामद की है। पुलिस ने वारदात करने वाले रोहित मीणा, विजेंद्र गुर्जर व धर्मेंद्र उर्फ धर्मा को गिरफ्तार किया है। डीसीपी ईस्ट कावेन्द्र सागर ने बताया- 19 जून को सूरज साहू ने ट्रांसपोर्ट नगर थाने पर एक शिकायत दर्ज कराई। इसमें बताया कि वह और उसका दोस्त दरबार होटल ट्रांसपोर्ट नगर पर खाना खाने गए थे। पहले से बैठे हुए तीन लोगों ने हथियार दिखाकर जेब से 2300 रुपए लूट लिए। इस पर ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अग्रवाल महासभा के दूसरे वार्षिक चुनाव में वोटिंग


**जयपुर।** प्रदेश अग्रवाल महासभा के दूसरे वार्षिक चुनाव रविवार को विद्याधर नगर स्थित गौतम मैरिज गार्डन में संपन्न हुए। मतदान का समय सुबह 8:00 से शाम 5:00 बजे तक था, लेकिन बारिश की वजह से प्रत्याशियों की सहमति से 1 घंटे का समय बढ़कर 6:00 बजे तक मतदान करवाया गया। चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। कुल 4413 मतदाताओं में से 2300 लोगों ने मतदान किया। इस चुनाव में मुख्य तौर से दो ग्रुप चुनाव मैदान में थे। दो ग्रुप चुनावी मैदान में है, जिनमें अग्रवंशज ग्रुप व महाराज अग्रसेन ग्रुप है। महाराजा अग्रसेन ग्रुप में अध्यक्ष पद हेतु विनोद कुमार गोयल और महामंत्री पद पर माखनलाल कांडा और दूसरे अग्रवंश ग्रुप से राधेश्याम अग्रवाल अध्यक्ष पद हेतु और संजय गुप्ता महामंत्री पद हेतु चुनाव मैदान में थे।

छात्र नेताओं ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला, सफेद पट्टी से छिपाई गलत जानकारी

# राजस्थान यूनिवर्सिटी के संविधान पार्क में लिखा 'गलत संविधान'

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान यूनिवर्सिटी में बने संविधान पार्क में ही गलत संविधान लिखा गया है। 4 दिन पहले राज्यपाल कलराज मिश्र ने संविधान पार्क का उद्घाटन किया था। गलत संविधान लिखने को लेकर छात्र नेताओं ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दरअसल, राजस्थान यूनिवर्सिटी में 3 करोड़ रुपए की लागत से संविधान पार्क का निर्माण किया गया था। यहां स्तंभ पर संविधान के 22 भागों को लिखा गया है। इसमें बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। विरोध के बाद गलत जानकारी सफेद पट्टी से छिपा दी गई है। गौरतलब है कि संविधान स्तंभ पर संविधान के भाग 17 में (343-351) ऑफिशियल लैंग्वेज ऑफ यूनियन ऑफ स्टेट है, जबकि संविधान के भाग 18 में (352-360) में आपातकालीन उपबंध का उल्लेख किया गया है। लेकिन, यूनिवर्सिटी के संविधान पार्क में भाग 17 में ही आपातकालीन उपबंध लिख दिया गया है। इसको लेकर राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्रों ने विरोध शुरू कर दिया है।




### उद्घाटन के 4 दिन बाद सामने आई गड़बड़ी

बता दें कि 19 जून के दिन राजस्थान यूनिवर्सिटी में राज्यपाल कलराज मिश्र ने 3 करोड़ रुपए की लागत से बने संविधान पार्क का उद्घाटन किया था। इस दौरान राज्यपाल के साथ डिप्टी सीएम उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राजस्थान यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा भी मौजूद थीं। उस समय किसी भी जनप्रतिनिधि और छात्र की इस पर नजर नहीं गई। अब चार दिन बाद संविधान पार्क की बनावट में हुई गड़बड़ी को लेकर विवाद शुरू हो गया है।




### गलती हुई है तो सुधार किया जाएगा

राजस्थान यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल साइंस डिपार्टमेंट के एचओडी प्रोफेसर श्याम मोहन अग्रवाल ने कहा कि संविधान के भाग 17 में आपातकालीन उपबंध नहीं आता है। अगर राजस्थान यूनिवर्सिटी में बनी संविधान पार्क में इस तरह की कोई गलती हुई है तो उसमें सुधार किया जाएगा। कई बार कुछ तकनीकी खामी हो जाती है। शायद इसी वजह से गलती हुई होगी।

### कार्रवाई की मांग

छात्र नेता शुभम रेवाड़ ने बताया कि संविधान को गलत लिखकर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने संविधान का अपमान किया है। देश के करोड़ों नागरिकों की भावना के साथ भी खिलवाड़ किया है। ऐसे में यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। रेवाड़ ने कहा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने राज्यपाल से गलती वाले संविधान पार्क का उद्घाटन करा दिया, जबकि उद्घाटन से पहले संविधान पार्क को अच्छे से देखना चाहिए था। न जाने किस आपाधापी में यूनिवर्सिटी प्रशासन ने राज्यपाल से भी इतनी बड़ी भूल करा दी। इसे जल्द से जल्द ठीक किया जाना चाहिए।

भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे पार्षद, भ्रष्टाचार की शिकायत की

# मेयर मुनेश गुर्जर की मुश्किलें बढ़ी कांग्रेस के 6 पार्षद जोशी से मिले

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कांग्रेस के 6 पार्षद रविवार को मेयर के खिलाफ शिकायत लेकर भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। जहां उनकी मुलाकात भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी से हुई। इस दौरान कांग्रेसी पार्षदों ने मुनेश गुर्जर की ओर से किए गए भ्रष्टाचार और नगर निगम में हो रही अनियमिताओं की जानकारी दी। उन्होंने मुनेश को मेयर पद से बर्खास्त करने की मांग की। हेरिटेज में कांग्रेस के 47, भाजपा के 42 और 11 निर्दलीय पार्षद है। इनमें भी 6 निर्दलीय ने कांग्रेस को समर्थन दिया था। यहां कुल 100 वार्डों में बहुमत के लिए 51 पार्षदों की जरूरत पड़ती है।



### 6 में से 5 पार्षद खाचरियावास के विधानसभा क्षेत्र से

कांग्रेस के पार्षद मनोज मुद्गल ने कहा- नगर निगम में मुनेश गुर्जर ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। मेयर और उनके पति ने पट्टे के नाम पर आम जनता से लाखों रुपए लिए हैं। एसीबी टीम ने मेयर पति को पकड़ा था। इसके बाद कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई करते हुए मुनेश को मेयर से हटा दिया था। अब नियमों की अवहेलना कर मुनेश मेयर पद पर काबिज होकर लगातार फाइलों पर साइन कर रही है। इससे भ्रष्टाचार की बू आती है। इसलिए आज हम 6 पार्षद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मिलकर भ्रष्टाचारी मेयर को हटाने की मांग करने आए हैं। भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचे 6 में से 5 पार्षद खाचरियावास के विधानसभा क्षेत्र सिविल लाइन से है। इनमें मुद्गल और दशरथ सिंह शेखावत कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे प्रताप सिंह खाचरियावास के नजदीकी माने जाते हैं।

### सभी मुद्दों पर विचार कर फैसला किया जाएगा

मुद्गल ने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार के कचरे को हटाने की मांग को लेकर हमने जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करने वाली भाजपा सरकार के प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात की है। हमने उन्हें मुनेश गुर्जर के भ्रष्टाचार से जुड़ी तमाम जानकारी दी है। हमें उम्मीद ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि राजस्थान की भाजपा सरकार भ्रष्ट मेयर के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लेगी और जल्द ही उन्हें उनके पद से बर्खास्त किया जाएगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेसी पार्षदों ने मुझसे मुलाकात की थी। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम भजनलाल शर्मा की सरकार पर विश्वास जताया है। उन्होंने जयपुर नगर निगम हेरिटेज मेयर को लेकर कुछ शिकायतें की हैं। ऐसे में जो भी उनसे बातचीत हुई है, उन सभी मुद्दों पर विचार कर फैसला किया जाएगा।

### एसीबी भी सही मान चुकी आरोप

एसीबी भी कांग्रेस मेयर मुनेश के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप सही मान चुकी है। इसके लिए एसीबी ने सरकार से कार्रवाई की इजाजत मांगी थी। स्थानीय निकाय आयुक्त से परमिशन के बाद पति-पत्नी दोनों के खिलाफ एक साथ चालान पेश हो सकता है। दरअसल, 4 अगस्त 2023 में नगर निगम हेरिटेज की मेयर मुनेश गुर्जर के घर एसीबी ने छापा मारा था। मुनेश के पति सुशील गुर्जर को दो लाख रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। सुशील गुर्जर पर आरोप था कि पट्टे जारी करवाने की एवज में दो दलालों के जरिए रिश्वत मांगी गई थी। सुशील के साथ एसीबी ने दलाल नारायण सिंह और अनिल दुबे को भी गिरफ्तार किया था। मेयर के घर से तलाशी में एसीबी के पट्टे की फाइल मिली थी। इसके साथ ही 40 लाख रुपए भी मिले थे। वहीं, नारायण सिंह के घर से भी 8.95 लाख रुपए मिले थे।

जुलाई में होगी योजना शुरू

# घर-घर से लिया जाएगा गो ग्रास, पहले चरण में 100 वाहन चलेंगे




**बेधड़क** | जयपुर

गाय माता की सेवार्थ घर-घर से गो ग्रास संग्रहण के लिए वन पे फाउंडेशन गो ग्रास योजना शुरू करेगा। जुलाई से शुरू होने वाली इस योजना के प्रथम चरण में पूरे भारत में 100 गो ग्रास संग्रहण इलेक्ट्रक वाहनों का संचालन किया जाएगा।

इस प्रकार तीन चरणों में 1000 गो ग्रास संग्रहण वाहनों के संचालन का लक्ष्य रखा गया है। केसरिया रंग के ये वाहन घर-घर जाकर गाय माता के लिये गो ग्रास, हरि सब्जियां व फल आदि एकत्रित करके नज़दीकी गोशालाओं तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। संयोजक भूपेन्द्र ने बताया कि दिवाली पर गोवंश बचाओ, राष्ट्र माता बनाओ जागरूकता यात्रा प्रथम चरण में सम्पूर्ण राजस्थान में निकली जाएगी। इसमें 50 गो संग्रहण वाहन, 400 साधु-संत, 500 गो सेवक का साथ और सानिध्य रहेगा। यात्रा संपूर्ण राजस्थान प्रदेश की सभी 200 विधान सभाओं के सभी 200 विधायकों, 25 संसद क्षेत्रों के सभी 25 सांसदों और 50 जिलों के 50 जिला कलेक्टर को गाय माता को राष्ट्र माता बनाने के लिए ज्ञापन देते हुए निकाली जाएगी। फाउण्डेशन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चुन्नी लाल गाडरी ने बताया कि फाउंडेशन प्रदेश के प्रत्येक जिले में गोशाला और नंदीशाला का संचालन करने की योजना भी बना रही है। उन्होंने बताया कि निकट भविष्य में सम्पूर्ण प्रदेश में निःशुल्क गो कथाओं का आयोजन अलग-अलग कथा वाचकों और भजन मंडलियों के साथ किया जाना प्रस्तावित है।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


मृतक के भतीजे ने मामला दर्ज कराया

## ट्रेलर का डीजल टैंक फटा, दुकानदार की मौत

**बेधड़क** | जयपुर

वेल्डिंग करते समय एक डीजल टैंक फटने से ट्रेलर में आग लग गई। इस दौरान झुलसने से वेल्डिंग करने वाले दुकानदार की मौत हो गई। वहीं, ट्रेलर ड्राइवर का इलाज चल रहा है। करधनी थाने में मृतक के भतीजे ने लापरवाही के चलते मौत का मामला दर्ज करवाया है।

एएसआई जगदीश प्रसाद ने बताया कि मृतक अब्बास हुसैन (45) संजय नगर-बी झोटवाड़ा के रहने वाले थे। वह करीब 4 साल से कनकपुरा कंटेनर डिपो के पास लक्ष्मी नगर में अगवान फेब्रिकेशन एंड रोलिंग शटर के नाम से शॉप करते थे। 13 जून को दोपहर करीब 3 बजे दुकान के बाहर एक ट्रेलर आकर रुका। ड्राइवर ने ट्रेलर में वेल्डिंग करने के लिए कहा। दुकानदार अब्बास हुसैन ने ड्राइवर को ट्रेलर की बैटरी के तार और डीजल टैंक का ढक्कन खोलने के बाद बताने के लिए कहा। कुछ देर बाद ट्रेलर ड्राइवर ने बैट्री के तार और डीजल टैंक का ढक्कन खोलना बताया। विश्वास में अब्बास हुसैन ने बिना चैक किए वेल्डिंग करना शुरू कर दिया। वेल्डिंग करते समय अचानक ट्रेलर की बैटरी में आग लग गई। आग डीजल टैंक तक पहुंच गई, जो धमाके साथ फट गया। आग ने ट्रेलर को अपनी चपेट में ले लिया। आग से दुकानदार अब्बास हुसैन और ट्रेलर ड्राइवर बुरी तरफ झुलस गए। हादसे की सूचना पर पहुंची करधनी थाना पुलिस ने गंभीर झुलसी हालत में दोनों को एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दुकानदार अब्बास हुसैन की मौत हो गई।

17 लाख रुपए कैश बरामद, मुकदमा दर्ज कर छोड़ा

## मालवीय नगर: 32 बड़े व्यापारी जुआ खेलते गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने शनिवार की देर रात 32 बड़े व्यापारियों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया। उनके पास से 17 लाख रुपए कैश बरामद किए गए हैं। ये सभी मालवीय नगर सेक्टर 11 में निर्माणाधीन बिल्डिंग की पांचवीं मंजिल पर जुआ खेल रहे थे। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली जिस पर एसीपी मालवीय नगर आदित्य पूनियां, सीआई जवाहर सर्किल विनोद सांखला अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सभी जुआरियों को डिटेन कर थाने लेकर आए। सीआई जवाहर सर्किल विनोद सांखला ने बताया- हमें मुखबिर से रात साढ़े 11 बजे जानकारी मिली थी। इस पर टीम को तैयार कर रेड मारी गई। जवाहर सर्किल थाने की पुलिस के साथ-साथ एसीपी मालवीय नगर की टीम मौजूद थी।



15 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने पूरी बिल्डिंग में सर्च अभियान चलाया। सर्च के दौरान पांचवीं मंजिल पर 32 लोग जुआ खेलते हुए मिले। सभी को जवाहर सर्किल थाने लाया गया। पुलिस को मौके पर 17 लाख रुपए भी मिले। जो 500 और 100 के नोटों की गड्डियों में थे। इनसे जुआ खेला जा रहा था। कार्रवाई के बाद पुलिस ने 17 लाख रुपए जब्त कर लिए हैं। सीआई जवाहर सर्किल विनोद सांखला ने बताया कि पूछताछ के बाद सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। यह एक जमानती अपराध है। इसलिए थाने से ही इन लोगों को छोड़ दिया गया।

कार्डियक एमआरआई सिंपोजियम

# हार्ट संबंधी प्रोब्लम्स एमआरआई से हो जाती है सही डायग्नोस

**बेधड़क** | जयपुर

हार्ट में सिर्फ नसों की ब्लॉकेज, वॉल्व के सिकुड़न या लीकेज की बीमारी ही नहीं होती। इसके अलावा भी कई बीमारियां हैं, जिन्हें सिर्फ 2डी इको या एंजियोग्राफी से स्पष्ट नहीं किया जा सकता। इसके लिए अब कार्डियक एमआरआई का चलन तेजी से बढ़ रहा है। कार्डियक एमआरआई से हार्ट के कोने-कोने की बिल्कुल साफ तस्वीर स्पष्ट हो सकती है। इससे मरीज के ट्रीटमेंट के लिए सटीक प्लानिंग तैयार की जा सकती है। एक निजी अस्पताल में हुई कार्डियक एमआरआई सिंपोजियम-2024 में एक्सपर्ट्स ने हार्ट अटैक के अलावा दूसरी बीमारियों की पहचान में एमआरआई जांच के बारे में जानकारी दी।

कॉन्फ्रेंस की ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. ऋतु अग्रवाल ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में प्रदेशभर से 200 डेलीगेट्स और नेशनल स्पीकर्स ने भाग लिया। हार्ट अटैक के अलावा हार्ट में दूसरी कई बीमारियां होती हैं, जिन्हें सिर्फ 2डी इको या एंजियोग्राफी से स्पष्ट नहीं किया जा सकता।

इसमें एमआरआई का रोल काफी बढ़ जाता है। इस एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस में पहले सेशन हुए। इसके बाद एक वर्कशॉप भी आयोजित हुई। इस दौरान डॉ. विजय भास्कर नोरी, डॉ. प्रिया चुड़गर, डॉ. सुमन सिंघल सहित अन्य स्पीकर्स ने कार्डियक एमआरआई से संबंधित नवीनतम जानकारी साझा की।

हॉस्पिटल की को-चेयरपर्सन मंजू शर्मा और सीईओ डॉ. प्राचीश प्रकाश ने बताया कि अब कार्डियक एमआरआई का प्रचलन काफी बढ़ गया है। महामारी के रूप के बढ़ रही हार्ट की बीमारियों की सही समय पर पहचान के लिए इस जांच की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है।



### बिना बेहोश और भर्ती किए जांच संभव

हैदराबाद के डॉ. विजय भास्कर नोरी ने बताया कि कार्डियक एमआरआई के लिए पेशेंट को बिना बेहोश किए जांच की जा सकती है। इसमें मरीज को भर्ती करने की आवश्यकता भी नहीं होती। सिर्फ आधे से एक घंटे के प्रोसीजर में जांच कर ली जाती है। इससे कुछ बीमारियों की पहचान के साथ प्रोग्नोसिस करने में भी मदद मिलती है। डॉ. ऋतु अग्रवाल ने बताया कि कार्डियक एमआरआई से हार्ट के फंक्शन की सटीकता से जानकारी मालूम हो सकती है। वॉल्व की सिकुड़न, लीकेज पता चल सकता है। इसके अलावा हार्ट की मसल्स से जुड़ी कार्डियोमायोपैथी की बीमारी के बारे में, लेफ्ट वेंट्रीकुलर में इशिमिक कार्डियोमायोपैथी की पहचान, जिन मरीजों को आईसीडी डिवाइस लगनी होती है। उनके लिए कार्डियक एमआरआई काफी मददगार साबित होती है।

## जरूरी खबर

### पुलिस कर्मियों पर जानलेवा हमले के 9 आरोपी गिरफ्तार



**अलवर।** प्रॉपर्टी कारोबारी को रंगदारी के लिए धमकाने के आरोपी हिस्ट्रीशीटर फिरोज खान को पकड़ने मन्नाका गांव पहुंची एनईबी थाना पुलिस की टीम पर जानलेवा हमला के मामले में रविवार को पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी आनंद शर्मा ने बताया मामले में रविवार को थाना वैशाली नगर एवं एनईबी पुलिस की टीम द्वारा घटना के 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर चार गाड़ियां जब्त की गई है। गिरफ्तार सभी आरोपी कमल खां का बास गांव मन्नाका थाना वैशाली नगर के रहने वाले हैं।

### फैक्ट्री में 90 किलो पामोलीन ऑयल किया सीज

**बाड़मेर।** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत बाड़मेर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रविवार को शहर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक फैक्ट्री पर दबिश देकर 90 पामोलीन ऑयल सीज किया। इसके साथ ही 120 किलो अवधि पार मिठाई को नष्ट करवाया गया। सीएमएचओ डॉ. संजीव मित्तल ने बताया कि बाड़मेर शहर के शिवनगर इलाके में एक फैक्ट्री में पामोलिन और मिठाई भारी मात्रा में स्टाक मिला। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार जांगिड़ के नेतृत्व में शिवनगर में स्थित एक फैक्ट्री में कार्रवाई की गई।

### बीज पैकेट की असली पहचान देख खरीदें किसान




**भरतपुर।** बारिश की शुरुआत के साथ ही किसान बाजार में संकर बाजरे के बीज की खरीदारी कर रहे हैं। इसके लिए कृषि विभाग एवं प्रतिष्ठित कंपनियों ने किसानों को आगाह किया है। पायोनियर कंपनी के प्रतिनिधि डॉ. विमल पांडेय के प्रतिनिधित्व में किसानों के लिए इसको लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम कर किसानों को बीज की सही पहचान से जागरूक किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा अनुमोदित संकर प्रजाति 86एम94 के इस्तेमाल के बारे में कहा जा रहा है। बीज के असली पैकेट की पहचान के बारे में भी बताते हुए कहा गया है कि कंपनी के पैकेट पर चांदी की पट्टी, क्यू आर कोड, टोल फ्री नंबर, अदृश्य शब्द के द्वारा पहचान करके ही खरीदना चाहिए।

---

#### डेजर्ट नेशनल पार्क के रामदेवरा ब्रीडिंग सेन्टर से किया शिफ्ट

# राज्य पक्षी गोडावण के 6 बच्चों को मिला नया आशियाना

**बेधड़क** | जैसलमेर

डेजर्ट नेशनल पार्क के सुदासरी क्षेत्र में वाईल्ड लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के ब्रीडिंग सेन्टर में इस ब्रीडिंग सीजन में अब तक कुल 10 नए चिक गोडावण पैदा हुए हैं।

डब्ल्यूआईआई व वन विभाग की संयुक्त टीम ने 6 गोडावण के चिक को रामदेवरा में बने नए ब्रीडिंग सेन्टर में शिफ्ट किया है। अब इनको मिलाकर रामदेवरा के ब्रीडिंग सेन्टर में कुल 19 गोडावण हो गए हैं। जबकि सुदासरी गोडावण ब्रीडिंग सेन्टर में 21 गोडावण शेष रह गए हैं।



दो दिन पूर्व सम्पन्न हुई कार्रवाई में स्थानान्तरित किए गए इन 6 चिकों को जैसलमेर स्थित सुदासरी से 175 किलोमीटर दूर ले जाने के लिए करीब 10 दिन का समय लगा। सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक ट्रिप में विशेष तैयारी के साथ दो चिक गोडावण को ही शिफ्ट किया गया। इसकी पुष्टि करते हुए जैसलमेर के डेजर्ट नेशनल पार्क के डीएफओ डॉ. आशीष व्यास ने बताया कि चिक गोडावन को डीएनपी क्षेत्र के सुदासरी इलाके के ब्रीडिंग सेंटर से रामदेवरा स्थित नए कन्जर्वेशन व ब्रीडिंग सेंटर में शिफ्ट किया गया है।

इन 6 चिको को तीन बार ट्रिप में ले जाने की कवायद की गई। जिसमें विभाग व डब्ल्यूआईआई की टीम ने सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि इस मिशन को सफल बनाने के लिये संयुक्त रूप से एक स्पेशल योजना तैयार की गई थी।

### 3 से 4 दिन तक शिफ्टिंग की ड्रिल

गोडावण के चिक को ले जाने के लिए बाकायदा करीब 3-4 दिनों तक सुदासरी क्षेत्र में ही ड्रिल की गई थी। जिसमें सुदासरी की ब्रीडिंग सेन्टर से चिक को बाहर निकालकर बॉक्स में रखा गया था। बॉक्स को एसी इनोवा गाड़ी में रखा गया था और थोड़ी दूर गाड़ी को चलाया गया। ऐसा लगातार 3-4 दिन तक किया गया ताकि गोडावण इस प्रकार के माहौल में ढल सके कि क्योंकि उसका मूवमेन्ट किया जाना था। उन्होंने बताया कि गोडावण को शिफ्ट करने की कवायद जून के प्रथम सप्ताह में शुरू की गई थी। इसमें तीन फेरे आयोजित किए गए। हर फेरे में दो-दो गोड़ावन चिको को ले जाया गया। रामदेवरा ले जाने से पूर्व और पहुंचने के बाद मेडिकल टीम द्वारा उनकी स्वास्थ्य की जांच की गई।

### शिफ्टिंग में बरती गई पूरी सावधानी

इतना ही नहीं जब गोडावण को शिफ्ट किया जा रहा था, तब एक मेडिकल टीम व दवाइयां भी उसके साथ थी। इसके अलावा ड्रिल के समय व गोडावण को ले जाते समय हर गोडावण के साथ कीपर था, जो इस प्रक्रिया में हिस्सेदारी निभा रहा था। जिसके बाद आखिरकार वन विभाग व डब्ल्यूआईआई की टीम को इस मिशन को पूरा करने में सफलता प्राप्त हुई। डीएफओ व्यास ने कहा कि कुल मिलाकर इस मिशन को पूरा करने में पूरी तरह से सावधानी बरती गई ताकि गोडावण को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

---

#### विवाहिता के चरित्र पर संदेह पर दिया वारदात को अंजाम

# पति प्रेमचंद, भाई और उसके साले ने की थी महिला की हत्या

**बेधड़क** | प्रतापगढ़

जिले के देवगढ़ थाना इलाके में रिश्तों का कत्ल करने वाली एक ऐसी दर्दनाक मामला सामने आया है। महिला के भाई, उसके पति और भाई के साले को हत्या के मामले गिरफ्तार किया गया है। वारदात की वजह विवाहिता के चरित्र पर संदेह बताया जा रहा है।

देवगढ़ थाना अधिकारी निर्भय सिंह ने बताया कि बीते 20 जून को जांबू खेड़ा गांव के नाले में एक शव मिलने की सूचना मिली थी। इस पर जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां एक महिला का रक्त रंजित शव पड़ा था। वीभत्स तरीके से उसकी हत्या की गई थी। पुलिस ने पूछताछ के बाद शव की शिनाख्त जांबू खेड़ा निवासी प्रेमचंद मीणा की पत्नी श्यामा के रूप में की। दोनों का एक साल पहले ही विवाह हुआ था।



### ससुर ने दामाद पर जाहिर किया था शक

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके से सबूत जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में भेज दिया। वहीं, मृतका के पिता सूरजमल मीणा ने प्रकरण दर्ज करवाते हुए अपने दामाद प्रेमचंद मीणा पर हत्या की आशंका जाहिर की थी। मामले की सूचना मिलने पर धरियावद पुलिस उपाधीक्षक नानालाल सालवी भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। शंका के आधार पर पुलिस ने प्रेमचंद की गतिविधियों पर निगाह रखी। पुलिस कार्रवाई के दौरान प्रेमचंद हर वक्त मौजूद रहा और पुलिस को गुमराह करता रहा। दो दिन बाद जब प्रेमचंद कहीं भागने की फिराक में था तो पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और कड़ाई से पूछताछ की तो वो टूट गया। पूछताछ के बाद जो घटनाक्रम सामने आया है, वो रोंगटे खड़े करने वाला है।

### महिला के चरित्र पर था शक

दरअसल, प्रेमचंद अपनी पत्नी श्यामा के चरित्र पर किसी दूसरे से बात करने को लेकर संदेह करता था। 17 जून को प्रेमचंद प्रतापगढ़ से मजदूरी कर जब अपने घर लौटा तो उस समय श्यामा मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। प्रेमचंद के पूछने पर उसने कोई जवाब नहीं दिया और अपना मोबाइल भी छुपा दिया। यह बात उसने श्यामा के भाई भेरूलाल को भी बताई थी। अगले दिन श्यामा घर से कहीं चली गई। हालांकि, बाद में पता चला कि वो प्रतापगढ़ बस स्टैंड पर बैठी हुई है। इस पर प्रेमचंद, भेरूलाल और भेरुलाल का साला लालू राम तीनों प्रतापगढ़ पहुंचे और श्यामा को अपने साथ बाइक पर बिठाकर प्रेमचंद के घर जांबू खेड़ा लेकर आए, जहां तीनों ने बैठकर शराब पी। इस दौरान श्यामा घर से कहीं चली गई। ऐसे में तीनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन वो नहीं मिली तो तीनों ने उसकी हत्या की योजना बनाई।

### श्यामा की आंखों में डाली थी जलती हुई लकड़ी

देर रात को श्यामा जब वापस लौटी तो तीनों ने उससे पूछताछ की। इस दौरान तीनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके चीखने चिल्लाने पर दो आरोपियों ने उसका मुंह दबा दिया और पास ही जल रहे चूल्हे से लकड़ियां निकालकर दागना शुरू किया। तीनों की हैवानियत यही नहीं रुकी, एक ने जलती हुई लकड़ियों को श्यामा की आंखों में डाल दिया, जिससे उसकी आंखें जल गई और उसके साथ लट्ठ से भी मारपीट की। किसी को वारदात का पता नहीं चले, इसलिए उन्होंने श्यामा को गांव के बाहर नाले में फेंक दिया। उसके शरीर में हरकत होने पर तीनों ने फिर से उस पर पत्थर और लट्ठ से वार किया और आखिरकार उसने दम तोड़ दिया। वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतका के पति प्रेमचंद मीणा, उसके सगे भाई पिपली खेड़ा निवासी भैरूलाल और उसके साले लालू राम को गिरफ्तार किया है। वहीं, अब पुलिस अग्रिम अनुसंधान में जुटी है।

---

#### नेशनल हाईवे -758 पर हुआ हादसा

## रॉन्ग साइड में आ रही बाइक को कार ने मारी टक्कर, 2 की मौत



**बेधड़क** | भीलवाड़ा

बाइक सवार दो युवकों को सामने से आ रही कार के टक्कर मारने से मौत की घटना सामने आई है। घटना जिले के गंगापुर थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे -758 पर गलोदिया गांव के निकट रॉन्ग साइड में जा रही एक बाइक पर सवार दो युवकों को सामने से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। कार की टक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलने पर गंगापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को गंगापुर अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनको भीलवाड़ा रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान दोनों बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। गंगापुर थाना प्रभारी फूलचंद ने बताया कि भीलवाड़ा- राजसमंद राष्ट्रीय राजमार्ग पर गलोदिया गांव के निकट कार ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। जिसके कारण बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में घायलों को गंगापुर सामुदायिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद भीलवाड़ा रेफर किया गया। जहां दोनों युवकों की मौत हो गई।

मृतकों की शिनाख्त राजू सिंह रावत निवासी ब्यावर, फोरू मीना निवासी जहाजपुर के रूप में हुई है। दोनों मृतक युवक एक माइंस पर जेसीबी मशीनें चलाने का काम करते थे। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों तरफ जाम लग गया।

राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों गंभीर घायल युवकों को अस्पताल भेजकर ट्रैफिक व्यस्था को को सुचारु किया।

---

#### समाज से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत

## सैनी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने अविनाश गहलोत से की मुलाकात

**बेधड़क** | चाकसू

चाकसू विधानसभा क्षेत्र से सैनी समाज का प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के सरकारी निवास पर मुलाकात की। सामाजिक कार्यकर्ता रामवतार सैनी चावंडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि महात्मा ज्योतिबा फूले सेवा समिति के अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद अजमेरा के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधि मंडल ने गहलोत के सामने समाज से जुड़ी विभिन्न समस्याएं रखी गई। मंत्री गहलोत ने विनम्रतापूर्वक



सभी की समस्याए सुनी और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान गहलोत ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार आमजन की सेवा के लिए संकल्पबद्ध है। आमजन की सेवा के लिए मेरे दरवाजे हमेशा खुले मिलेंगे। इस अवसर पर गत दिनों रामपुरा गांव में आयोजित समाज के सामुहिक विवाह में मुख्य अतिथि के रूप मे पधारने पर गहलोत को साफा व माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेट कर आभार प्रकट किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता नंदकिशोर सैनी, रामस्वरूप सैनी, बद्री सैनी, महेश सैनी आदि शामिल थे।

---

#### शिव नगर इलाके में लगी आग, सूचना पर प्रशासन के अधिकारी पहुंचे

## धू-धू कर जला कबाड़ का गोदाम, मचा हड़कंप

**बेधड़क** | बाड़मेर

जिले के बाड़मेर में रविवार सुबह एक कबाड़ गोदाम में अचानक भीषण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस दौरान लोगों में जबरदस्त हड़कंप मच गया। आगजनी की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। खबर लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। सदर थानाधिकारी सत्यप्रकाश ने बताया कि शिव नगर इलाके में कबाड़ के गोदाम में आग लगने की सूचना



मिली थी, जिस पर मौके पर पहुंचे हैं। आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं। आग लगने के कारणों का पता लगाने के साथ ही नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। गोदाम मालिक भंवरलाल खोरवाल ने बताया कि रविवार सुबह कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। आगजनी में कितना नुकसान हुआ है यह बताना अभी सम्भव नहीं है। दरअसल, शहर के शिवनगर इलाके में रविवार सुबह एक कबाड़ी के गोदाम में अचानक आग लग गई। गोदाम में प्लास्टिक होने की वजह से आग ने कुछ ही मिनट में विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते धुएं के गुबार उठने शुरू हो गए। खबर लिखे जाने तक करीब तीन-चार घंटे से आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

---

#### कारगिल विजय दिवस पर चल रहा है कार्यक्रमों का सिलसिला

# गुजरात से बाइक रैली से अलवर पहुंचे सेना के जवान, किया सम्मान

**बेधड़क** | अलवर

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में सेना के जवान गुजरात से बाइक रैली लेकर अलवर पहुंचे। यहां सेना के कमांडेंट मिलिंद व्यास की ओर से छावनी में उनका सम्मान किया। इसके साथ ही कमांडेंट की ओर से कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों की वीरांगनाओं को भी सम्मानित किया गया।

इस मौके पर कारगिल युद्ध में शामिल हुए सेना के अन्य रिटायर्ड जवान व अफसर भी मौजूद रहे। यह आयोजन अलवर छावनी में भारतीय सेना की ओर से 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में आयोजित किया गया। कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में




रिटायर्ड सैनिक अमरचंद फौजी ने बताया कि कारगिल विजय दिवस पर गुजरात की टीम बाइक से अलवर पहुंची।

यहां से उन्हें रेवाड़ी के लिए रवाना किया जाएगा। रेवाड़ी के बाद जवानों की यह रैली दिल्ली पहुंचेगी। सेना की बाइकर्स रैली करगिल के दराज सेक्टर तक जाएगी। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध पर विजय एक गौरवमई पल था, जिस पर देश के हर नागरिक को गर्व महसूस होता है। इस अवसर पर शहीदों की वीरांगनाओं का सम्मान किया गया। सेना की ओर से आज भी रिटायर्ड व शहीद जवानों को याद रखा जाता है, जिसे देखकर गर्व महसूस होता है। इसके चलते ही सेना में ड्यूटी के बाद जवानों का सेवा भाव आज भी जागरूक रहता है।

### सेना में अनुशासन सबसे अहम

अमरचंद फौजी ने कहा कि सेना की ओर से आयोजित किए जाने वाले ऐसे कार्यक्रम से जवानों को हौसला बुलंद रहता है। कारगिल की लड़ाई मे भारतीय सेना के जवानों का बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। फिल्मों में जो लोग देखते हैं, उससे कई गुना कठिन काम सेना के जवानों को सतह पर मौजूद रहकर करना पड़ता है। सेना में अनुशासन सबसे अहम रहता है, जिसका पालन सभी जवानों को करना पड़ता है, इसीलिए आज भारतीय सेना विश्व में सर्वश्रेष्ठ है।

### करगिल के दराज सेक्टर तक जाएगी रैली

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में रिटायर्ड सैनिक अमरचंद फौजी ने बताया कि कारगिल विजय दिवस पर गुजरात की टीम बाइक से अलवर पहुंची। यहां से उन्हें रेवाड़ी के लिए रवाना किया जाएगा। रेवाड़ी के बाद जवानों की यह रैली दिल्ली पहुंचेगी। सेना की बाइकर्स रैली करगिल के दराज सेक्टर तक जाएगी। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध पर विजय एक गौरवमई पल था, जिस पर देश के हर नागरिक को गर्व महसूस होता है। इस अवसर पर शहीदों की वीरांगनाओं का सम्मान किया गया। सेना की ओर से आज भी रिटायर्ड व शहीद जवानों को याद रखा जाता है, जिसे देखकर गर्व महसूस होता है।

### फिल्मों में नहीं रियल में करती है काम सेना

अमरचंद फौजी ने कहा कि सेना की ओर से आयोजित किए जाने वाले ऐसे कार्यक्रम से जवानों को हौसला बुलंद रहता है। कारगिल की लड़ाई मे भारतीय सेना के जवानों का बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। फिल्मों में जो लोग देखते हैं, उससे कई गुना कठिन काम सेना के जवानों को सतह पर मौजूद रहकर करना पड़ता है। सेना में अनुशासन सबसे अहम रहता है, जिसका पालन सभी जवानों को करना पड़ता है, इसीलिए आज भारतीय सेना विश्व में सर्वश्रेष्ठ है।

### भूतपूर्व सैनिक और परिवार ने लिया भाग

रिटायर्ड सैनिक अमरचंद फौजी ने बताया कि अलवर में आयोजित इस कार्यक्रम में तीन राज्य आर्म्ड स्क्वाड्रन के एनसीसी कैडेट, अलवर जिले और आसपास के क्षेत्र के भूतपूर्व सैनिक और उनके परिवार ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। उन्होंने बताया कि गुजरात से आए बाइकर्स ने अलवर के शहीद स्मारक पर जाकर अलवर के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। रिटायर्ड सैनिक अमरचंद फौजी ने बताया कि पहले दिन सेना के जवान गुजरात से बाइक रैली लेकर अलवर पहुंचे, वहीं दूसरे दिन रविवार को धनुष्कोडी (दक्षिण) से जवान बाइक रैली लेकर अलवर आएंगे। यहां अलवर छावनी में इनका स्वागत किया।

## नीट एग्जाम गड़बड़ी: केंद्र ने नीट परीक्षा की जांच सौंपी केंद्रीय जांच ब्यूरो को

# CBI ने पहली FIR दर्ज की...

# ग्रेस वाले 1563 छात्रों का रीएग्जाम खत्म

■ ग्रेस वाले 1563 विद्यार्थियों की हुई परीक्षा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

नीट-यूजी एग्जाम में हुई गड़बड़ियों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की शिकायत पर रविवार को सीबीआई ने पहली प्राथमिकी दर्ज कर ली।

केंद्रीय एजेंसी ने मंत्रालय से मिले कुछ रेफरेंस के आधार पर अज्ञात के खिलाफ आईपीसी के सेक्शन 120-बी और 420 समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया है। इस बीच, रविवार को ही नीट-यूजी के ग्रेस वाले 1563 विद्यार्थियों की दोबारा परीक्षा (री एग्जाम) देश के आधा दर्जन शहरों में आयोजित की गई।

जांच के लिए सीबीआई ने दो विशेष टीमें बनाई हैं, जो जांच के लिए पटना और गोधरा जाएंगी। केंद्र सरकार ने 22 जून की रात जांच की जिम्मेदारी को सौंपी थी। इससे पहले सरकार ने शनिवार रात 9 बजे एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) के डायरेक्टर जनरल सुबोध कुमार सिंह को हटा दिया था। उनकी जगह प्रदीप सिंह खरोला को नया डीजी नियुक्त किया गया।



राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने 'एक्स' पर लिखा, "एनटीए की वेबसाइट और उसके सभी वेब पोर्टल पूरी तरह सुरक्षित हैं। ऐसी कोई भी जानकारी जिसमें कहा गया कि वेबसाइट और वेबपोर्टल के साथ छेड़छाड़ की गई है या उन्हें हैक किया गया है, गलत और भ्रामक है।"




**जांच के लिए 2 टीम पटना-गोधरा जाएंगी**

### NTA की वेबसाइट हैक होने की अफवाह

इस बीच, एनटीए की वेबसाइट हैक होने की अफवाह भी रविवार को फैली। इस पर एक अधिकारी ने कहा कि उनका पोर्टल पूरी तरह सुरक्षित है। एनटीए ने रीएग्जाम के एडमिट कार्ड 20 जून को जारी किए थे। रिजल्ट 30 जून तक जारी किया जाएगा। संशोधित रिजल्ट जारी होने के बाद काउंसलिंग 6 जुलाई से शुरू होगी। बता दें, 8 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई होगी। रविवार को परीक्षा 2 बजे से 5 बजे तक एक ही शिफ्ट में हुई। केवल वही स्टूडेंट्स एग्जाम में शामिल हुए, जिन्हें एनटीए ने ईमेल के जरिए इसकी सूचना दी थी।

### 6 शहरों में हुआ री-एग्जाम खत्म

नीट री-एग्जाम उन छह शहरों में हुआ, जहां समय के नुकसान के चलते बच्चों को ग्रेस मार्क्स दिए गए थे। री-एग्जाम इन्हीं 6 शहरों में है, लेकिन परीक्षा केंद्र बदल दिए गए हैं। ये शहर बालोद, छत्तीससगढ़, दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़, सूरत, गुजरात, मेघालय, मेघालय, बहादुरगढ़, हरियाणा और चंडीगढ़ हैं।

### झज्जर सेंटर में नहीं हुआ एग्जाम


हरियाणा के झज्जर सेंटर से 720/720 स्कोर करने वाले 6 कैंडिडेट्स थे। इस सेंटर पर रीएग्जाम आयोजित नहीं किया गया। शिक्षा मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि एग्जाम के दौरान किसी तरह की परेशानी न आए, ये सुनिश्चित करने के लिए एग्जाम सेंटर्स में बदलाव किया गया है। एनटीए ने इस एग्जाम के लिए बने टेस्ट सेंटर्स पर पर्यवेक्षक नियुक्त किए थे। एग्जाम के दौरान एनटीए और शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी भी एग्जाम सेंटर्स पर मौजूद रहे।

### 5 मई को हुई परीक्षा वालों की पुन:परीक्षा

वहीं, 5 मई को हुई नीट परीक्षा के रिजल्ट में ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट्स के लिए रविवार को रीएग्जाम हुआ। यह परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:20 बजे के बीच रखी गई। इस परीक्षा में कई छात्र शामिल नहीं हुए। चंडीगढ़ में सिर्फ दो कैंडिडेट्स के लिए एग्जाम सेंटर बनाया गया, दोनों ही नहीं पहुंचे।

### नीट-पीजी परीक्षा शनिवार किया था स्थगित

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार रात 10 बजे रविवार को होने वाली नीट पीजी प्रवेश परीक्षा को स्थगित कर दिया था। मंत्रालय ने कहा है कि ऐसा एहतियाती उपाय के तौर पर किया जा रहा है। परीक्षा की नई तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी की हालिया घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, स्वास्थ्य मंत्रालय ने नीट-पीजी प्रवेश परीक्षा की तैयारियों की मजबूती की जांच करने का निर्णय लिया है।'



## एग्जाम स्थगित करने का विरोध कर रहे कई संगठन, कहा...

# कदम छात्र विरोधी... करवाई जाए जांच




**एजेंसी** | लखनऊ

नीट पीजी 2024 परीक्षा स्थगित होने के बाद विभिन्न छात्रों और मेडिकल समूहों ने मोदी सरकार पर हमला करते हुए स्पष्टीकरण की मांग की है। वहीं, एसएफआई, एआईएसए, एफएआईएमए सहित अन्य छात्र संगठनों ने केंद्र सरकार द्वारा कई परीक्षाओं को रद्द और स्थगित करने को 'छात्र विरोधी' बताया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने 'परीक्षा प्रक्रिया की पवित्रता' बनाए रखने के लिए रविवार को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा - स्नातकोत्तर (नीट पीजी) परीक्षा स्थगित कर दी। मंत्रालय ने बताया कि नई NEET PG परीक्षा तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। वहीं, छात्र संगठनों ने परीक्षा एजेंसी एनटीए को 'अक्षम' बताया है।

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने एनटीए को पूरी तरह से खत्म करने, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और परीक्षाओं के 'असमय' स्थगन से प्रभावित छात्रों को मुआवजा देने की मांग की है। एसएफआई ने परीक्षा स्थगित करने के कदम को 'छात्र विरोधी' बताते हुए कहा कि सिर्फ एनटीए डीजी को हटाने से शिक्षा मंत्रालय छात्रों के गुस्से से नहीं बच पाएगा।

### सरकार की अक्षमता अस्वीकार्य

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (FAIMA) ने इसे 'बेहद शर्मनाक' बताते हुए कहा कि, "तय समय से ठीक एक दिन पहले NEET PG परीक्षा स्थगित कर दी गई। यह उन डॉक्टरों का उत्पीड़न है, जिन्होंने यात्रा की, पैसा और समय खर्च किया। एक सुनियोजित परीक्षा के प्रबंधन में सरकार की अक्षमता अस्वीकार्य है। हम तत्काल स्पष्टीकरण की मांग करते हैं।" वहीं, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने कहा कि इस सरकार को पेपर लीक की संख्या के लिए याद किया जाएगा। एनटीए के निदेशक को बदलकर मोदी सरकार ने स्पष्ट रूप से स्वीकार कर लिया है कि प्रमुख निकाय का कामकाज शुरू से ही संदिग्ध और कदाचार से भरा रहा है।" आइसा ने लाखों छात्रों का जीवन बर्बाद करने के लिए धर्मेंद्र प्रधान, यूजीसी प्रमुख जगदीश कुमार और पूर्व एनटीए महानिदेशक सुबोध कुमार की भूमिका की न्यायिक जांच की मांग की है।

## Yuva स्टोरीज

### सीएम योगी ने दिए निर्देश...

# यूपी में होमगार्ड के 42,000 पदों पर होगी भर्ती



**नई दिल्ली**। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में होमगार्ड के 42,000 पदों पर भर्ती करने का निर्देश दिया है। यूपी होमगार्ड भर्ती 2024 के माध्यम से प्रदेश में दो चरणों में 21-21 हजार पदों पर योग्य उम्मीदवारों की भर्ती की जाएगी। यूपी होमगार्ड विभाग भर्ती के लिए जल्द अधिसूचना जारी कर सकता है।

यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने होमगार्ड के जवानों को आपदा मित्र के रूप में तैयार करने के लिए नियमावली बनाने का भी निर्देश दिया है। सीएम ने कहा कि आपदा मित्रों का प्रशिक्षण कराकर उन्हें होमगार्ड स्वयंसेवक के रूप में तैयार किया जाए। साथ ही, होमगार्ड जवानों की साप्ताहिक ड्रिल कराने का भी निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में बताया गया कि इस समय प्रदेश में 76,000 से अधिक पूर्णकालिक होमगार्ड स्वयंसेवक हैं। इनमें से लगभग 75 हजार होमगार्ड ड्यूटी पर तैनात हैं। वर्तमान में प्रत्येक वर्ष करीब चार हजार होमगार्ड सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जिसके अनुसार, साल 2033 तक 42 हजार से अधिक होमगार्ड रिटायर्ड हो जाएंगे।

कारागार व होमगार्ड राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि, "राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक कर होमगार्ड जवानों को आपदा मित्र के रूप में तैयार करने के लिए नियमावली तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुतीकरण के बाद यूपी होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।"

आधिकारिक घोषणा के बाद इच्छुक और योग्य उम्मीदवार यूपीएचजी विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट homeguard.up.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भर सकेंगे।

## यूजी फर्स्ट सेमेस्टर के लिए 26 हजार से ज्यादा आवेदन

# विवि बैचलर कोर्सेज की जारी करेगा 6,730 सीटों की मेरिट कट ऑफ लिस्ट

■ 26 जून को निकाली जाएगी मेरिट लिस्ट

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के संघटक कॉलेजों में एडमिशन की इंतजार कर रहे विद्यार्थियों का इंतजार 26 जून को खत्म हो जाएगा। 21 जून तक चली आवेदन प्रक्रिया के बाद राजस्थान विश्वविद्यालय से यह जानकारी मिली। इसके अनुसार प्रशासन महारानी, महाराजा, कॉमर्स और राजस्थान कॉलेज सहित विश्वविद्यालय में संचालित बैचलर कोर्सेज की 6,730 सीटों पर मेरिट कट ऑफ लिस्ट जारी करेगा। इस बार राजस्थान विश्वविद्यालय के यूजी कोर्सेज के लिए 26 हजार 600 से ज्यादा छात्रों ने रुचि दिखाई है।

राजस्थान विश्वविद्यालय के संघटक कॉलेजों में 3 जून से यूजी एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई थी, जिसमें विश्वविद्यालय की यूजी फर्स्ट सेमेस्टर की 6,730 सीटों पर एडमिशन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। एडमिशन कन्वीनर प्रो. रामावतार शर्मा ने बताया कि शुरुआत में 12 जून तक आवेदन मांगे गए थे। इसके बाद छात्रों और अभिभावकों की मांग पर पहले 17 जून और फिर 21 जून तक आवेदन भरने का मौका दिया गया। अब आवेदन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।




### ये डॉक्यूमेंट लाएं साथ

शर्मा ने बताया कि इस बार महारानी, महाराजा, कॉमर्स, राजस्थान कॉलेज और विवि के बैचलर डिग्री के लिए 26,600 से ज्यादा आवेदन आए हैं। अब 100% सीटों पर 26 जून को पहली मेरिट कट ऑफ लिस्ट जारी होगी। इसके बाद 27 से 29 जून को छात्र ओरिजिनल डॉक्यूमेंट की फोटो कॉपी के साथ फीस जमा करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि डॉक्यूमेंट में 10th, 12th की मार्कशीट, रिजर्वेशन कैटेगरी का लाभ लेने के लिए कास्ट सर्टिफिकेट, स्पोर्ट्स, एनसीसी, एनएसएस के वेटेज के लिए सर्टिफिकेट साथ लाने होंगे।

### यदि सीटें खाली रही तो...

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी कारण से यदि सीटें खाली रह जाती हैं, तो अगले दिन ही दूसरी लिस्ट जारी कर दी जाएगी, ताकि छात्रों को ज्यादा इंतजार न करना पड़े और कक्षाएं भी समय पर शुरू हो जाएं। इसके साथ ही जिन भी छात्रों के एडमिशन होंगे वो तुरंत हॉस्टल के लिए भी अप्लाई कर सकेंगे और उन्हें एक सप्ताह में ही हॉस्टल भी अलॉट कर दिया जाएगा।

## नीट: 10 दिनों में कैंसिल हुआ चौथा एग्जाम



**नई दिल्ली**। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 22 जून को NEET PG एग्जाम पोस्टपोन कर दिया। ये एग्जाम 23 जून को होना था। NEET PG एग्जाम पिछले 10 दिनों में कैंसिल या पोस्टपोन होने वाला चौथा बड़ा एग्जाम है। 9 दिनों में NTA की तीन बड़ी परीक्षाएं- NCET, UGC NET और CSIR UGC NET कैंसिल होने के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने ये कदम उठाया है।

एग्जाम पोस्टपोन करने की जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा - कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ियों के आरोप के बीच एहतियात के तौर पर NEET PG की डेट आगे बढ़ा दी गई है। जल्द ही एग्जाम की नई डेट अनाउंस कर दी जाएगी। इस बीच NEET PG परीक्षा के संचालन की मजबूती का ब्योरा लिया जाएगा।

**National Award to Teachers 2024** | **नामांकन संस्थान के स्व-नामांकन के माध्यम से हो सकता है**

# राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए नामांकन तिथि 1 जुलाई तक बढ़ी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024' के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 1 जुलाई तक बढ़ा दी है। इच्छुक और योग्य शिक्षक आधिकारिक पोर्टल nat.aicte-india.org पर जाकर आखिरी तिथि तक राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 के लिए नामांकन कर सकते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार देश के सभी कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षा संस्थानों और पॉलिटेक्निक संकाय सदस्यों के लिए खुला है। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 के लिए अंतिम रूप से चयनित पुरस्कार विजेताओं को 5 सितंबर को सम्मानित किया जाएगा। नेशनल अवॉर्ड टू टीचर 2024 के तहत हर साल कुल 35 पुरस्कार (श्रेणी-1 में 25 और श्रेणी-2 में 10) दिए जाएंगे। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, एक प्रमाण पत्र और 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट awards.gov.in पर विजिट कर सकते हैं।




राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 के लिए नामांकन उसी विश्वविद्यालय, संस्थान, महाविद्यालय या पॉलिटेक्निक के पूर्व या वर्तमान कुलपति, निदेशक, प्राचार्य, संकाय सदस्य या सहकर्मी द्वारा स्व-नामांकन के माध्यम से किया जा सकता है, जहां नामांकित व्यक्ति कार्यरत है। इसके अलावा, खोज-सह-जांच समितियों के सदस्य स्वतंत्र रूप से उत्कृष्ट संकाय सदस्यों की पहचान और नामांकित कर सकते हैं।

### चयन प्रक्रिया

- NAT-2024 चयन प्रक्रिया में दो चरण शामिल होंगे:
- प्रारंभिक खोज सह स्क्रीनिंग समिति द्वारा प्रारंभिक चयन
- चयनित उम्मीदवारों में से 'जूरी' समिति द्वारा पुरस्कार विजेताओं का अंतिम चयन

■ **पात्रता:** राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 के लिए निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करना अनिवार्य है:

■ **नियमित संकाय**- नामांकित व्यक्ति को नियमित शिक्षण पद पर होना चाहिए।

■ **शिक्षण अनुभव**- स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम पांच वर्ष का पूर्णकालिक शिक्षण अनुभव होना चाहिए।

■ **आयु सीमा**- आवेदन की अंतिम तिथि तक नामांकित व्यक्ति की आयु 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# बुलेट ट्रेन-वंदे भारत से पहले सुरक्षित संचालन जरूरी



निर्मल रानी
स्वतंत्र लेखिका

गत 15 जून को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव दिल्ली में पत्रकारों से एक अनौपचारिक वार्ता के दौरान रेल मंत्रालय की उपलब्धियां गिनाते हुये कह रहे थे कि भारतीय रेल आगामी 5 वर्षों में 250 से अधिक वंदे भारत एक्सप्रेस और 300 से अधिक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन्स चलाने की योजना पर कार्यरत है। इसी वार्ता के दौरान उन्होंने नई रेल पटरियां बिछाने ,गाड़ियों को तीव्र गति देने जैसे कई विषयों पर रौशनी डाली।

रेल मंत्री ने यह भी बताया कि सुरक्षित यात्रा के लिए छह हजार किलोमीटर के मार्ग पर कवच लगाने का काम तेज गति से चल रहा है और अब दस हजार किलोमीटर मार्ग को कवच से लैस करने के लिए निविदा लाने की तैयारी की जा रही है। रेल मंत्री ने बताया कि नेटवक की क्षमता का विस्तार होने के बाद नयी गाड़ियों को तेज गति से चलाना संभव होगा। जिस दिन रेल मंत्री अपने मंत्रालय की उपरोक्त अनेक उपलब्धियां गिना रहे थे उसके ठीक दो दिन बाद यानी 17 जून (सोमवार) को प्रातःकाल जलपाईगुड़ी के पास खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन में पीछे से आ रही एक मालगाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। रंगापानी और निजबाड़ी के निकट हुई इस दुर्घटना में तीन बोगियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। इस दुर्घटना में अब तक 15 लोगों के मरने व 60 से अधिक लोगों के घायल होने का समाचार है। इस घटना को लेकर रेलवे की ओर से अंतर्विरोध पैदा करने वाले बयान सुनने को मिले।रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा के अनुसार उक्त ट्रेन्स में टक्कर संभवतः इसलिए हुई क्योंकि मालगाड़ी ने सिग्नल की अनदेखी की और अगरतला से सियालदह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस को टक्कर मार दी। जबकि लोको पायलट संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष संजय पांधी ने कहा कि ''रेलवे बोर्ड का यह कहना ग़लत है कि चालक को लाल सिग्नल पर एक मिनट के लिए ट्रेन रोकनी चाहिए और टीए 912 मिलने के बाद सीमित गति से आगे बढ़ना चाहिए।" उन्होंने कहा, ''लोको पायलट की मौत हो जाने और सीआरएस जांच लंबित होने के बावजूद लोको पायलट को ही जिम्मेदार घोषित करना अत्यंत आपत्तिजनक है।" प्रायः रेल दुर्घटना बाद इस तरह के अंतर्विरोध पैदा करने वाले बयानआना भी एक सामान्य बात है। क्योंकि प्रत्येक अधिकारी यही चाहता है कि वह स्वयं को सुरक्षित रखते हुये दुर्घटना का जिम्मेदार किसी और कर्मचारी या अधिकारी को ठहरा दे। जाहिर है यह नैतिकता का वह दौर तो है नहीं जबकि नवंबर 1956 में तमिलनाडु में हुई एक बड़ी रेल दुर्घटना के बाद तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने नैतिक आधार पर रेल मंत्री पद से इस्तीफ़ा दे दिया था।

> *"ऐसे में देश के अभिजात वर्ग के लोगों के लिए चलाई जाने वाली बुलेट ट्रेन, वंदे भारत व अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन्स आदि से सामान्य रूट पर सामान्य रेल गाड़ियों से यात्रा करने वाले आम रेल यात्रियों को क्या हासिल? हम जैसे करोड़ों लोगों ने तो इत्तेफ़ाक़ से आजतक शताब्दी जैसी ट्रेन्स पर भी सफ़र इसलिए नहीं किया क्योंकि इसका किराया अन्य ट्रेन से अधिक है। ऐसे में रेल विभाग की प्राथमिकता क्या होनी चाहिए? सामान्य ट्रेन्स को सामान्य नागरिकों की रेल यात्रा के मद्देनजर सुगम,सुरक्षित,आरामदेह बनाना तथा प्रत्येक यात्री को बैठने की सीट मुहैय्या कराना या कि बुलेट ट्रेन,वंदे भारत व अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन्स की उपलब्धियों का बखान करना।"*

बहरहाल रेल विभाग के विकास व आधुनिकीकरण के तमाम दावों के बावजूद किसी न किसी कारण रेल दुर्घटनाओं का सिलसिला अभी भी बदस्तूर जारी है। दो जून 2023 को ओडिशा में बेंगलुरू-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी से जुड़ी भयानक ट्रिपल ट्रेन दुर्घटना जिस में कम से कम 50 लोग मारे गए थे और 350 से अधिक घायल हो गए थे वह तो सबसे अधिक चर्चा का केंद्र बनी थी। गत दस वर्षों में हुई प्रमुख रेल दुर्घटनाओं में 26 मई 2014 को उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर में गोरखपुर की ओर जा रही गोरखधाम एक्सप्रेस दुर्घटना हुई जो ख़लीलाबाद स्टेशन के पास खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। फिर 20 नवंबर 2016 को कानपुर में पुखरायां के निकट इंदौर-पटना एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी जिसमें कम से कम 150 यात्रियों की मौत हो गई थी और 150 से अधिक यात्री घायल हो गए थे। इसी तरह 18 अगस्त 2017 को पुरी-हरिद्वार उत्कल एक्सप्रेस मुजफ़्फ़र नगर में पटरी से उतर गई थी जिसमें 23 लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 60 अन्य घायल हो गए थे। इसके बाद 13 जनवरी 2022 को बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस के 12 डिब्बे पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार क्षेत्र में पटरी से उतर गए, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य घायल हो गए। यह घटनायें उल्लेखनीय हैं। प्रत्येक दुर्घटना के बाद रेल विभाग द्वारा अपनी आत्मरक्षा में तथा रेल यात्रियों को संतुष्ट करने की ग़रज से रेल सुरक्षा कवच से सम्बंधित कोई न कोई बयान भी दिया जाता है। परन्तु वास्तव में सुरक्षा सुनिश्चित हो नहीं पाती और बदनसीब रेल यात्री अपनी मंजिल पर पहुँचने के बजाये ऐसी दुर्घटनाओं के परिणामस्वरूप अपनी जानें गंवा बैठते हैं और रेल विभाग को करोड़ों का नुक़्सान भी उठाना पड़ता है।

उधर रेल विभाग का फ़ोकस बुलेट ट्रेन,वंदे भारत व अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन्स तथा रेल स्टेशंस की चमक दमक पर अधिक रहता है। जगह जगह स्टेशन के बाहर 100 फ़ुट के पोल पर तिरंगा फहराकर लोगों में राष्ट्रवाद जगाया जा रहा है। रेल इंजन्स पर तिरंगा चिपकाना ठीक है परन्तु रेल यात्री की यात्रा सुरक्षित है,इस बात की कोई गारंटी नहीं। ऐसी भीषण गर्मी में तमाम स्टेशन पर शीतल जल तो छोड़िए पीने का सादा पानी तक उपलब्ध नहीं है। बुजुर्गों को रेल यात्रा में दी जाने वाली छूट समाप्त कर दी गई है। तमाम इंटरसिटी ट्रेन की सामान्य बोगी की जगह स्लीपर क्लास कर न केवल यात्रियों को बल्कि टिकट निरीक्षकों को भी परेशानी में डाल दिया गया है। देश में जब जब रेल दुर्घटनाएं होती रहेंगी तब तब यह सवाल उठता ही रहेगा कि देश में बुलेट ट्रेन-वंदे भारत जरूरी है या वर्तमान सामान्य ट्रेन्स का सुरक्षित संचालन?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**


## वर्ष 2021 में विश्वभर में 81 लाख मौतें वायु प्रदूषण से

# यह वैश्विक गर्मी का चरम दौर...



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> *"गर्मी का अनुमान पर्यावरणविदों ने पहले से ही लगा लिया है। इन्हीं की सलाह पर 100 से ज्यादा देश 2030 तक दुनिया की नवीनीकरण योग्य ऊर्जा को बढ़ाकर तीन गुना करने के प्रयास में लगे हुए हैं। इसके अंतर्गत अक्षय ऊर्जा के प्रमुख स्रोत सूर्य, हवा और पानी से बिजली बनाने के उपाय सुझाए गए हैं। इस सिलसिले में प्रेरणा लेने के लिए ऊरुग्वे जैसे देश का उदाहरण दिया जा रहा है, जो अपनी जरूरत की 98 फीसदी ऊर्जा इन्हीं स्रोतों से प्राप्त करता है।"*



इस बार वैश्विक गर्मी चरम पर है। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार बीते वर्ष और पिछले दशक ने धरती पर आग बरसाने का काम किया है। अमेरिका की पर्यावरण संस्था वैश्विक विटनेस और कोलंबिया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन के निष्कर्ष में पाया है कि तेल और गैस के अधिकतम मात्रा में उत्पादन से यह हालात निर्मित हुए हैं। यदि इन ईंधनों के उत्सर्जन का यही हाल रहा तो 2050 तक गर्मी अपने चरम पर होगी। डब्ल्यूएमओ ने चेतावनी दी है कि अगले पांच साल में वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की 66 प्रतिशत आशंका है। इस गर्मी से जीव-जगत की क्या स्थिति होगी, इसका अनुमान लगाना भी मुश्किल है। यूनिसेफ के साथ साझेदारी में अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट (एचईआइ)' ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि 2021 में दुनिया भर में 81 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण से हुई है। इनमें भारत में 21 लाख और चीन में 23 लाख मौतें दर्ज की की गई हैं। 2021 में भारत में पांच वर्ष से कम आयु के एक लाख 69 हजार 400 बच्चों की मौतें हुई हैं। इसके साथ ही नाइजीरिया, पाकिस्तान, इथौपिया और बांग्लादेश में भी हजारों बच्चे वायु प्रदूषण के चलते काल के गाल में समा गए हैं।

समूचे विश्व में बढ़ते वैश्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाओं की संख्या और तीव्रता में निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है। इसीलिए कहा जा रहा है कि इस बार धरती पर प्रलय बाढ़ से नहीं आसमान से बरसने वाली आग से आएगी। इसके संकेत प्रकृति लगातार दे रही है। फिर भी विडंबना है कि दुनिया के नीति-नियंता चेत नहीं रहे हैं। धरती पर रहने वाले जीव-जगत पर करीब तीन दशक से जलवायु परिवर्तन के वर्तमान और भविष्य में होने वाले संकटों की तलवार लटकी हुई है। मनुष्य और जलवायु बदलाव के बीच की दूरी निरंतर कम हो रही है। इस संकट से निपटने के उपायों को तलाशने के लिए 198 देश जलवायु सम्मेलन करते हैं। इन सम्मेलनों में होने वाली परिचर्चाओं के निष्कर्ष में वैश्विक तापमान के बढ़ते कारणों में कोयला, तेल और गैस अर्थात जीवाश्म ईंधन को माना जाता रहा है। इसके उपयोग को धीरे-धीरे कम करने की नसीहतें भी दी जाती रही हैं। लेकिन अब तक नतीजे ढांक के तीन पात रहे हैं। इन सम्मेलनों का एक ही प्रमुख लक्ष्य रहा है कि दुनिया उस रास्ते पर लौटे, जिससे बढ़ते वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक स्थिर रखा जा सके, लेकिन अब जो संकेत मिल रहे हैं, उनसे स्पष्ट है कि कुछ ही सालों के भीतर गर्मी तापमान की इस सीमा का उल्लंघन कर लेगी क्योंकि इस बार तीन सप्ताह से लगातार गर्मी का तापमान 40 से 55 डिग्री तक बना हुआ है। राजधानी दिल्ली में यह तापमान 52.9 डिग्री तक पहुंच चुका है। सऊदी अरब में भीषण गर्मी के चलते 1000 से ज्यादा हज यात्रियों की मौत हो चुकी हैं। इनमें 98 भारतीय हैं।

इस गर्मी का अनुमान पर्यावरणविदों ने पहले से ही लगा लिया है। इन्हीं की सलाह पर 100 से ज्यादा देश 2030 तक दुनिया की नवीनीकरण योग्य ऊर्जा को बढ़ाकर तीन गुना करने के प्रयास में लगे हुए हैं। इसके अंतर्गत अक्षय ऊर्जा के प्रमुख स्रोत सूर्य, हवा और पानी से बिजली बनाने के उपाय सुझाए गए हैं। इस सिलसिले में प्रेरणा लेने के लिए ऊरुग्वे जैसे देश का उदाहरण दिया जा रहा है, जो अपनी जरूरत की 98 फीसदी ऊर्जा इन्हीं स्रोतों से प्राप्त करता है। इस साल दुनिया में सूरज से कुल खपत की छह प्रतिशत ऊर्जा प्राप्त हो रही है। प्रत्येक तीन साल के भीतर सौर् ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की क्षमता दोगुनी बढ़ रही है। अगले दस साल में इसके 10 गुना बढ़ने की उम्मीद है। 2035 तक सौर्य ऊर्जा बिजली का सबसे बड़ा स्रोत होगी। 2040 तक बिजली समेत अन्य ऊर्जा की जरूरतें इन्हीं सौर्य ऊर्जा संयंत्रों से पूरी होने की उम्मीद है। सोलर पैनलों से पैदा होने वाली बिजली ऊर्जा के अन्य स्रोतों से लागत में सस्ती है। इसका चिंताजनक पहलू यही है कि इस ऊर्जा को पैदा करने वाले सौर पैनल का सबसे ज्यादा निर्माण चीन में होता है। इस कारण वह इनकी कीमत अपनी इच्छा के अनुसार दुनिया के देशों से वसूलता है। भारत भी सूर्य से ऊर्जा उत्पादन की दिशा में लगातार बढ़ रहा है। अडानी समूह हरित ऊर्जा के संयंत्र गुजरात और राजस्थान में लगा रहा है। लेकिन यह एक अपवाद हैं, हकीकत यह है कि यूक्रेन और रूस तथा इजरायल और हमास के बीच चलते भीषण युद्ध के कारण कोयला जैसे जीवाश्म ईंधन से ऊर्जा उत्पादन का प्रयोग बढ़ा है और बिजली उत्पादन के जिन कोयला संयंत्रों को बंद कर दिया गया था, उनका उपयोग फिर से शुरू हो गया है।

पर्यावरण विज्ञानियों ने बहुत पहले जान लिया था कि औद्योगिक विकास से उत्सर्जित कार्बन और शहरी विकास से घटते जंगल से वायुमंडल का तपमान बढ़ रहा है, जो पृथ्वी के लिए घातक है। इस सदी के अंत तक पृथ्वी की गर्मी 2.7 प्रतिशत बढ़ जाएगी, नतीजतन पृथ्वीवासियों को भारी तबाही का सामना करना पड़ेगा। इस मानव निर्मित वैश्विक आपदा से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन जिसे कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी/कॉप) के नाम से भी जाना जाता है, में पेरिस समझौते के तहत वायुमंडल का तापमान औसतन 1.5 डिग्री सेल्सियस से कम रखने के प्रयास के प्रति भागीदार देशों ने वचनबद्धता भी जताई। वास्तव में अभी तक 56 देशों ने संयुक्त राष्ट्र के मानदंडों के अनुसार पर्यावरण सुधार की घोषणा की है। इनमें यूरोपीय संघ, अमेरिका, चीन जापान और भारत भी शामिल है। लेकिन लंबे समय से चल रहे रूस और यूक्रेन तथा इजरायल और फिलिस्तीन युद्ध के चलते नहीं लगता कि कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण नवीकरणीय ऊर्जा को जो बढ़ावा दिया जा रहा है, वह स्थिर रह पाएगा, क्योंकि जिन देशों ने वचनबद्धता निभाते हुए कोयले से ऊर्जा उत्सर्जन के जो संयंत्र बंद कर दिए थे, उनमें से कई रूस ने चालू कर लिए हैं।

नवंबर 2021 में ग्लासगो में हुए वैश्विक सम्मेलन में तय हुआ था कि 2030 तक विकसित देश और 2040 तक विकासशील देश ऊर्जा उत्पादन में कोयले का प्रयोग बंद कर देंगे। यानी 2040 के बाद थर्मल पावर अर्थात ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह बंद हो जाएगा। तब भारत-चीन ने पूरी तरह कोयले पर बिजली उत्पादन पर असहमति जताई थी, लेकिन 40 देशों ने कोयले से पल्ला झाड़ लेने का भरोसा दिया था। 20 देशों ने विश्वास जताया था कि 2022 के अंत तक कोयले से बिजली बनाने वाले संयंत्रों को बंद कर दिया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े कोयला उत्पादक व निर्यातक रियो टिंटो ने अपनी 80 प्रतिशत कोयले की खदानें बेच दीं थीं, क्योंकि भविष्य में कोयले से बिजली उत्पादन बंद होने के अनुमान लगा लिए गए थे, परंतु उपरोक्त युद्धों के चलते अनेक देशों ने अपने थर्मल पावर बंद नहीं किए हैं।

इन बदलते हालातों में हमें जिंदा रहना है तो जिंदगी जीने की शैली को भी बदलना होगा। हर हाल में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती करनी होगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# पेपर लीक का रायता फायदा ही फायदा...



सुनील कुमार महला
व्यंग्यकार

गर्मी का सीजन है। जमकर गर्मी पड़ रही है। गर्मी में रायते का सेवन सेहत के लिए अच्छा माना जाता है और इन दिनों पेपर लीक का रायता बिखरा पड़ा है। परीक्षा में रायता फैल रहा है लेकिन ये लीकेज अच्छे हैं। अब सरकार की इससे भले ही सियासी फजीहत हो लेकिन गर्मी में रायता बहुत जरूरी है। अजी पेपर में अनियमितताएं हों तो क्या फर्क पड़ता है, सेहत का ध्यान रखा जाना बहुत जरूरी है। भविष्य दांव पर होने से कोई फर्क नहीं पड़ता, वर्तमान दांव पर नहीं होना चाहिए। जय जय नीट, जय जय रीट, जय जय एनटीए। पेपर लीक हो गया लेकिन पेपर लीक का रायता तो खाने को मिल रहा है। भले ही सिस्टम वीक है लेकिन रायता लीक है। ये चूक नहीं पेपर प्राप्त करने की भूख है।

ये प्यास है बड़ी, तुमको भला क्या है पड़ी, पेपर लीक की है ये झड़ी। अब पेपर लीक पर बेचारे अभ्यर्थी छिप छिप अश्रु बहा रहे हैं। आंसुओं के मोती व्यर्थ बहा रहे हैं लेकिन उनको गोपालदास नीरज की कविता से प्रेरणा लेनी चाहिए जो कहते हैं- 'कुछ सपनों के मर जाने से जीवन नहीं मरा करता है। रायता बिखर गया तो क्या है, खुद ही हल हो गई समस्या, आंसू गर नीलाम हुए तो समझो पूरी हुई तपस्या, रूठे दिवस मनाने वालों, कुछ दीपों के बुझ जाने से आंगन नहीं मरा करता है।' चहुंओर बिखरा है पेपर लीक का रायता, जिसमें है फायदा ही फायदा।

पेपर लीक से आत्मनिर्भरता आ रही है। ऐसे लोगों को भी डाक्टर, इंजीनियर, टीचर बनने का मौका मिल रहा है, जिनको बेचारों को स्टेज नहीं मिल पा रही थी। पेपर लीक का रायता बिखरने से 'अयोग्य' को भी मौका मिल रहा है। ये विकास नहीं तो क्या है? इससे अधिक आत्मनिर्भरता भला क्या कभी आ सकती है? दलालों को धंधा मिला है, विकसित देश का सिलसिला है, यही तो जलजला है, इससे हर कोई फला-फूला है। डार्कनेट पर पेपर लीक का रायता फैला। इससे साबित होता है कि हम वाकई डिजीटलीकरण की ओर बढ़ रहे हैं और शेष हाथ मल रहे हैं। स्साला अब तक हमें दुख होता था कि हम डिजीटलीकरण की दिशा में आगे नहीं बढ़ रहे हैं। अब तक हमें लगता था कि विकास सोया पड़ा है और आत्मनिर्भरता तो एक सपना है। पेपर लीक के रायते ने तो एकदम से वक्त बदल दिया, जज़्बात बदल दिया, अजी! पूरी की पूरी जिंदगी ही बदल दी। अजी! पेपर लीक का रायता क्या फैला एंटी पेपर लीक कानून लागू हो गया है। विकास में कोई कमी है क्या? अजी! जब से पेपर लीक का रायता मिला है तब से पेट नहीं फूल रहा है।

गर्मी में शरीर पूर्णतया हाइड्रेट रह रहा है। पाचन में तो कोई दिक्कत है ही नहीं। और हां, गैस कब्ज का तो नामोनिशान मिट गया है। ये है रायते का असली फायदा। पेपर लीक का रायता, फायदा ही फायदा। गर्मी बहुत है, भीषण गर्मी को देखते हुए हम भी अब रायता पीने के लिए निकल रहे हैं। जय राम जी की। गुस्ताखी माफ।

## 20 जुलाई से 15 नवम्बर तक रहेगा चातुर्मास... उसका महत्व

# जीव दया, तप साधना का महामहोत्सव!



पदम जैन बिलाला
स्वतंत्र लेखक

आषाढ़ माह प्रारंभ होते ही साधु संतों के चातुर्मास के स्थानों की घोषणा होना ,उन स्थानों के लिए संतों का विहार प्रारंभ होना तथा श्रावकों द्वारा संतों को चातुर्मास हेतु निवेदन करने के साथ ही आवश्यक व्यवस्थाओं में जुट जाना प्रारंभ हो जाता है। जैन समाज में वर्ष 2024 चातुर्मास के हिसाब से एक विशेष वर्ष है ।इस वर्ष चातुर्मास में भगवान महावीर का 2550वां निर्वाणोत्सव होने के कारण कई विशेष कार्यक्रम स्थान स्थान पर आयोजित होंगे। साथ ही आचार्य विद्यासागर जी के उपकार स्वरूप भी कार्यक्रमों की संभावनाएं कम नहीं है। भारतीय तिथि गणना शास्त्र के अनुसार 2024 में चातुर्मास 20 जुलाई से 15 नवम्बर तक होंगे। भारत में विभिन्न धर्मों के संत महात्माओं की अपनी-अपनी मान्यताओं और धार्मिक विधानों के अनुसार साधना पद्धतियां, अनुष्ठान और निष्ठाएं परिपक्व हुई हैं। इन पद्धतियों में चातुर्मास की परम्परा बड़ी महत्वपूर्ण है। वैदिक परम्परा के संतों में भी चातुर्मास की परम्परा चली आ रही है परन्तु जैन धर्म में इसका एक अलग ही महत्वपूर्ण स्थान क्योंकि "जियो और जीने दो" "परस्परोपग्रह जीवनाम्" दयाभाव युक्त और उसी के तहत जीवों के जीने में सहयोग करना अहिंसा का व्यवहारिक रुप है।जैन धर्म में चातुर्मास की परम्परा अत्यंत प्राचीन है। स्वयं श्रमण भगवान महावीर ने अपने जीवन में विभिन्न क्षेत्रों में चातुर्मास किए। उन्होंने अपना अंतिम 42वां चातुर्मास पावापुरी में किया था। चातुर्मास का अर्थ है- चार मास के लिए साधु-साध्वियों का एक स्थान पर ठहरना। चातुर्मास का आरंभ वर्षा ऋतु में होता है।

> *"जियो और जीने दो" "परस्परोपग्रह जीवनाम्" दयाभाव युक्त और उसी के तहत जीवों के जीने में सहयोग करना अहिंसा का व्यवहारिक रूप है।जैन धर्म में चातुर्मास की परम्परा अत्यंत प्राचीन है। स्वयं श्रमण भगवान महावीर ने अपने जीवन में विभिन्न क्षेत्रों में चातुर्मास किए।*

वर्षा के कारण सभी मार्ग अवरुद्ध हो जाते हैं और जीव-जंतुओं की उत्पत्ति भी बढ़ जाती है अत: जीवों की रक्षा और संयम -साधना के लिए चार मास तक साधु-साध्वियों को एक स्थान पर रुकने का शास्त्रीय विधान है। अपवाद स्वरूप ही साधु चातुर्मास में अन्यत्र जा सकते हैं। शास्त्रों में उल्लेख है कि संघ पर संकट आने अथवा किसी स्थविर या वृद्ध साधु की सेवा के लिए साधु चातुर्मास में दूसरे स्थान पर जा सकता है अन्यथा उसे चातुर्मास में एक स्थान पर रुकने का शास्त्रीय आदेश है। जिनधर्म गुणों का उपासक है तथा जिन धर्म में ज्ञान और दर्शन के सभी दरवाजे खुले हैं। अनेकान्तवाद के अनुसार कोई दूसरा धर्म पन्थ भी सही हो सकता है क्योंकि सत्य सीमित या एकान्तिक नहीं है । जैन धर्म में अन्य धर्मों की तुलना में अपरिग्रह पर अधिक जोर दिया है।

दिगम्बर साधु जिसका जीवंत उदाहरण है। जैन धर्म में नर और नारी को समान स्थान दिया गया है, श्रावक-श्राविका, श्रमण-श्रमणियों के रुप में बराबर स्थान तथा नारी को भी मुक्ति पाने का अधिकारी माना गया है। इस प्रकार मुनि आर्यिका आदि सभी चातुर्मास के नियमों का पालन कर तप त्याग व साधना में रत रहते है। जैन धर्म में सामाजिक तथा धार्मिक दृष्टि से चतुर्माशिक प्रवास अत्यंत महत्वपूर्ण है।


चातुर्मास में षोडशकारण व्रत ,दस लक्षण व्रत, सुगंध दशमी, अनन्त चतुर्दशी तथा क्षमा वाणी और भगवान महावीर निर्वाणोत्सव जैसे महापर्व आते हैं । इस दृष्टि से इसकी महत्ता और भी बढ़ जाती है। यह जैनों के अलौकिक पर्व है। एक ओर जहां यह तप, त्याग, साधना का पर्व है वहीं संतों के सानिध्य में परस्पर वैमनस्य और वैर, विरोध को दूर करने का सशक्त माध्यम भी है। क्षमा पर्व की धारणा एक स्वस्थ और सभ्य समाज की गारंटी है। इस प्रकार जैन धर्म में चातुर्मास का सामाजिक और धार्मिक महत्व तो है ही व्यक्ति और समाज को एक सूत्र में पिरोने का भागीरथ प्रयत्न भी है।

## X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP

'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ पारदर्शी, संवेदनशील एवं सुशासन में स्वयंसेवी संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसी संदर्भ में 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के संकल्प के अनुरूप हमारी सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु पूर्णतः संकल्पित है।



**प्रियंका गांधी,** कांग्रेस महासचिव
@priyankagandhi

NEET-UG :- पेपर लीक, NEET-PG :- रद्द, UGC-NET :- रद्द, CSIR-NET :- रद्द। आज ये देश की कुछ सबसे बड़ी परीक्षाओं का हाल है। भाजपा राज में समूची शिक्षा का ढांचा माफियाओं-भ्रष्टाचारियों के हवाले हो चुका है। लालची और चाटुकार किस्म के अयोग्य लोगों के हाथ में देश की शिक्षा और बच्चों का भविष्य सौंप देने की राजनीतिक जिद और अहंकार ने पेपर लीक, परीक्षा रद्द, कैंपसों से पढ़ाई-लिखाई का विलोप और राजनीतिक गुंडागर्दी को हमारी शिक्षा-व्यवस्था की पहचान बना दिया है।

**दिल्ली में पेयजल संकट:** आप के प्रतिनिधिमंडल ने उप राज्यपाल सक्सेना को बताए हालात

# आतिशी के अनशन के बाद हरियाणा ने पानी देना और कम किया: सौरभ

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली में पेयजल संकट को लेकर जल मंत्री आतिशी के अनशन के बीच आम आदमी पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात की और कहा कि हरियाणा सरकार दिल्ली को उसके हक का पानी नहीं दे रही है।

इस पर उप राज्यपाल ने भरोसा दिया है कि वह हरियाणा सरकार से इस संबंध में बातचीत करेंगे। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मीडिया से बातचीत में कहा कि आप नेताओं ने उप राज्यपाल को बताया कि हरियाणा अभी भी दिल्ली को करीब 113 एमजीडी पानी कम दे रहा है। जिसकी वजह से लाखों लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि आतिशी के अनशन पर बैठने के बाद हरियाणा ने पानी छोड़ना और कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब आतिशी अनशन पर बैठीं तब तक तो 100 एमजीडी पानी कम मिल रहा था। मगर उनके अनशन पर बैठने के बाद यह और कम कर दिया गया है। वहीं, आप नेता सोमनाथ भारती ने कहा, हमने अपनी बातें

## ■ उप राज्यपाल ने हरियाणा से बात करने का दिया भरोसा




रखीं। उप राज्यपाल ने हमारी बात पर संज्ञान लिया और वादा किया कि वह हरियाणा सरकार से बात करेंगे ताकि पानी की समस्या का समाधान हो। भारती ने बताया कि इसके अलावा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में पानी की समस्या को खत्म करने के लिए भविष्य के लिए जो योजना बनाई है, उस पर भी एलजी से चर्चा की गई। इसमें यमुना के तट के पास बारिश का पानी स्टोर करने का विषय भी शामिल है। 22 किलोमीटर के यमुना तट के पास पानी के स्टोर करने की व्यवस्था अगर हो जाए तो दिल्ली में पानी की समस्या का समाधान हमेशा के लिए हो जाएगा। एलजी के साथ इस बात पर भी चर्चा हुई कि पानी को कहां-कहां रोका जा रहा है।



### आतिशी का आरोप: हरियाणा ने हथिनी कुंड का गेट बंद किया

इस बीच, अपने अनशन के तीसरे दिन आतिशी ने दावा किया कि हरियाणा के हथिनी कुंड में पानी भरा हुआ है, लेकिन हरियाणा सरकार ने दिल्ली को पानी छोड़ने वाले गेट को ही बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक हरियाणा सरकार दिल्ली को उसके हक का पानी नहीं देती है, तब तक उनका अनशन जारी रहेगा।

### LG पर साधा निशाना

इस मुलाकात से पहले सौरभ भारद्वाज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एलजी पर जमकर निशाना भी साधा था। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले मैं और जल मंत्री आतिशी ने उप राज्यपाल से मुलाकात की थी। तब उन्होंने पूरी मीटिंग को रिकॉर्ड किया था। अगर उसका वीडियो को दिखा देंगे तो पूरे देश को पता चल जाएगा कि दिल्ली के लिए कौन काम कर रहा है। उप राज्यपाल को भाजपा सांसदों और अधिकारियों की बातचीत और बैठकों की वीडियो को भी सार्वजनिक करना चाहिए।

---

## जरूरी खबर

### जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सीएम केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने निचली अदालत के जमानत देने के फैसले पर दिल्ली हाईकोर्ट की रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। केजरीवाल ने वकीलों के जरिए इस मामले में सोमवार ही सुनवाई की मांग की है। गौरतलब है कि दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को केजरीवाल को अब समाप्त हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी और फैसला सुरक्षित रख लिया था और कहा था कि इस पर दो से तीन दिन में फैसला सुनाया जाएगा।

### YSR कांग्रेस को कार्यालयों के लिए दी गई थी जमीन



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री नारा लोकेश ने रविवार को आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सरकार ने पार्टी के कार्यालयों के निर्माण के लिए 26 जिलों में 42 एकड़ जमीन आवंटित की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इन भूखंडों को 33 साल के लिए 1,000 रुपए की मामूली कीमत पर पट्टे पर आवंटित किया गया था। लोकेश ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट पर यह बात कही। उन्होंने राज्य के विभिन्न हिस्सों में निर्माणाधीन कथित वाईएसआरसीपी कार्यालयों की एक दर्जन से ज्यादा तस्वीरें भी पोस्ट कीं। ज्ञात रहे कि ताडेपल्लील में वाईएसकांग्रेस के एक निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को शनिवार को ध्वस्त कर दिया गया था।

---

**हरियाणा विस चुनाव:** BJP ने रणनीति व व्यूह रचना पर किया मंथन

# 100 दिन की कार्ययोजना, डेढ़ करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य

एजेंसी | चंडीगढ़/रोहतक

लोकसभा चुनाव के बाद अब भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव की तैयारियों के शुरू कर दी हैं। विधानसभा चुनाव के लिए नव नियुक्त प्रभारी- व सह प्रभारी के सम्मान समारोह के बीच पार्टी के नेताओं ने रविवार को रोहतक में हुई एक बैठक में चुनावी रणनीति और तैयारियों पर मंथन किया।

पार्टी हाल के लोकसभा चुनावों मजबूत होकर उभरी कांग्रेस को मात देने के लिए अभेद्य चक्रव्यूह तैयार करना चाहती है। इसको ध्यान में रखकर हाल ही भाजपा ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता रही किरण चौधरी व उनकी बेटी पूर्व सांसद श्रुति चौधरी को पार्टी में शामिल कर लिया था। भाजपा राज्य में नए सियासी समीकरणों की तैयारी में जुटी है।

बैठक में पार्टी के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और सह प्रभारी बिप्लब देब ने माइक्रो मैनेजमेंट को अहम बताते हुए पदाधिकारियों और नेताओं के समक्ष 100 दिनों में डेढ़ करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य सामने रखा। रोहतक में नागरिक अभिनंदन के बाद धर्मेंद्र प्रधान और बिप्लब कुमार देब, सीएम नायब सैनी, सह प्रभारी सुरेंद्र नागर, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ और संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा की उपस्थिति में लगातार दो बैठकें हुईं। पहली बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी शामिल हुए, वहीं दूसरी बैठक विधायक और सांसदों के साथ हुई। पहली बैठक में वरिष्ठ नेता किरण चौधरी भी शामिल हुईं।



### हर कार्यक्रम को जनता से जोड़ें

ओडिशा में भाजपा को प्रचंड जीत की रणनीति बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले धर्मेंद्र प्रधान और बिप्लब देब की जोड़ी ने विधानसभा चुनाव के निमित्त पहली ही बैठक में पदाधिकारियों से कहा कि केवल जीत पर फोकस रखें और मेहनत को दोगुना कर दें। हमारी नियती में तीसरी बार भी विजय ही है। बैठक में पदाधिकारियों को संदेश दिया गया कि हर कार्यक्रम को जनता से जोड़ें। सरकार लगातार बेहतर काम कर रही है, इसलिए चुनाव में जीत हमारी ही है।



### हर विधानसभा क्षेत्र के लिए रणनीति तैयार

बैठक में हर विधानसभा क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने और अधिक से अधिक सीटें जीतने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई। चुनाव प्रभारी और सह चुनाव प्रभारी ने मौके पर चुनाव के मद्देनजर पार्टी की ओर से आगामी अभियानों की रूपरेखा और तैयारियों पर भी चर्चा की। संगठन मंत्री ने आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी बैठक में रखी। प्रधान ने पदाधिकारियों को साफ संकेत दिया है कि पार्टी का मिशन हरियाणा विजय है। उन्होंने कहा कि चुनाव में हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी अहम होगी।

### कार्यकर्ता, पदाधिकारी नेता घर-घर तक जाएंगे

प्रधान ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी नेता घर-घर तक जाएंगे और पार्टी की नीतियों और योजनाओं को बताकर जीत को सुनिश्चित करेंगे। अपनी पहली ही बैठक में प्रधान ने साफ संकेत देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के अगर कोई सुझाव है तो उस पर भी गंभीरता से चिंतन मनन होगा। इसलिए कार्यकर्ता अपनी बात रखने से ना झिझके। वे बेहतरी के लिए सुझाव दें, उनकी बात सुनी जाएगी।

### सर्व समाज को साथ लेकर चुनाव लड़ेंगे

प्रधान ने पदाधिकारियों से कहा कि हम सर्व समाज को साथ लेकर चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। इससे पहले बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों में बिप्लब देब ने भी जोश भरा। कहा कि हमें काम को गति देनी है। कार्यकर्ता के रूप में हम सब एक साथ जीत के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का लक्ष्य सरकार बनाना है, इसलिए सभी को विजय के लिए मेहनत करनी है।

---

**ओडिशा: प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर स्याही फेंकना पड़ा महंगा: पटनायक**

# प्रदेश महासचिव समेत पांच नेता छह साल के लिए निष्कासित

एजेंसी | भुवनेश्वर

कांग्रेस ने ओडिशा प्रदेश इकाई के अध्यक्ष शरत पटनायक पर स्याही फेंकने की घटना में कथित रूप से शामिल पार्टी की राज्य इकाई के महासचिव सहित अपने पांच नेताओं को रविवार को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। दो नकाबपोश व्यक्तियों ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में पटनायक पर स्याही फेंकी थी। पार्टी के एक नेता ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस महासचिव प्रकाश मिश्रा, प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव श्रेयास्मिता पांडा, पार्टी की छात्र शाखा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ के सचिव संदीप राउतराय, युवा कांग्रेस के राज्य सचिव अमरेश परिदा और एनएसयूआई के राज्य सचिव आर्यन सासमल को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है।

ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह सलूजा ने निष्कासन आदेश जारी किया। सलूजा ने कहा कि कुछ पदाधिकारी और पार्टी के विभिन्न पदों पर बैठे लोग अनुशासनहीनता कर रहे हैं और इससे संगठन की छवि को नुकसान पहुंचा है। ज्ञात रहे कि दो अज्ञात व्यक्ति 21 जून की सुबह पटनायक के कक्ष में घुसे और उनके कपड़ों पर नीली स्याही फेंक दी तथा मौके से भाग गए। पार्टी ने निष्कासन आदेश की एक प्रति कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और ओडिशा के एआईसीसी प्रभारी अजय कुमार को भेज दी है।



शरत पटनायक

### चुनाव नतीजों को लेकर असंतोष

माना जा रहा है कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन की वजह से कार्यकर्ताओं में असंतोष था, जिसके लेकर उन पर स्याही फेंकी गई। लोकसभा चुनाव के साथ ओडिशा में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की है। पार्टी ने पिछले 24 साल से सत्ता में रही बीजू जनता दल को बाहर का रास्ता दिखा दिया। 147 सदस्यीय ओडिशा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 78 सीटें जीती हैं जबकि कांग्रेस के खाते में केवल 14 सीटें ही आई हैं। वहीं, बीजेडी को 51 सीटों पर संतोष करना पड़ा।

---

**बसपा प्रमुख मायावती का** अहम सियासी फैसला

# आकाश आनंद फिर उत्तराधिकारी घोषित, नेशनल कोऑर्डिनेटर बने

एजेंसी | लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) सुप्रीमो मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को फिर एक बार अपना उत्तराधिकारी बना दिया है। उन्हें फिर पार्टी का नेशनल कोऑर्डिनेटर बना दिया गया है।

यह फैसला सोमवार को लखनऊ में हुई पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में किया गया। बैठक में भतीजे आकाश ने मायावती के पैर छुए और मायावती ने उन्हें आशीर्वाद दिया। मायावती ने एक दिन पहले शनिवार को आकाश को उत्तराखंड व पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी



का स्टार प्रचारक बनाया था। ज्ञात रहे कि लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान मायावती ने विवादित बयान को लेकर आकाश आनंद को किनारे कर दिया था। मायावती ने कहा था कि पूर्ण परिपक्वता आने तक आकाश आनंद को अहम जिम्मेदारियों से अलग रखा जाएगा।

अब आकाश आनंद को फिर बड़ी जिम्मेदारी दे दी गई है। हाल ही हुए लोकसभा चुनावों में हुई करारी हार के बाद पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की यह बैठक बैठक हुई है। इस मौके पर मायावती ने कहा कि बसपा आने वाले चुनावों में मजबूती के साथ लड़ती हुई दिखेगी। पार्टी किसी के साथ गठबंधन करने नहीं जा रही है। वह अकेले ही चुनाव लड़ेगी।

---

**तमिलनाडु शराब दुखान्तिका को लेकर कांग्रेस पर कटाक्ष**

# सीतारमण का सवाल, खरगे-राहुल मौन क्यों!

एजेंसी | नई दिल्ली/चेन्नई

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु जहरीली शराब मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की है। उन्होंने रविवार को कहा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इस पर बयान देना चाहिए।

सीतारमण ने कहा कि 200 से ज्यादा लोग अब भी गंभीर अवस्था में अस्पताल में हैं। कुल 56 लोगों की मौत हो गई है और उनमें से ज्यादातर अनुसूचित जाति से हैं। वह इस घटना की निंदा करती हैं। ज्ञात रहे कि तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देशी



शराब पीने से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 53 हो गई।

सीतारमण ने कहा, जिस राज्य में शराब की बिक्री के लिए दुकानों को सरकार द्वारा लाइसेंस दिए जाते हैं, उसी राज्य के कल्लाकुरिचि शहर में जहरीली शराब तैयार की जाती है। आखिर कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी कहां हैं? वह दक्षिण से सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ते हैं क्योंकि उन्हें भरोसा है कि वह जीतेंगे। तमिलनाडु में द्रमुक के साथ मिलकर चुनाव लड़ते हैं और जब जहरीली शराब से दलित मर रहे हैं तो एक बयान नहीं आता।

### मरने वालों की संख्या 56 हुई

तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि शहर में 19 जून को जहरीली शराब पीने के बाद मरने वालों की संख्या 56 पर पहुंच चुकी है। पुलिस का कहना है कि जहरीली शराब पीने से बीमार हुए 216 लोगों को तमिलनाडु के चार अस्पतालों में भर्ती किया गया था। इसमें से पुडुचेरी में भर्ती 3 मरीज को मृत घोषित किया गया। सबसे अधिक मौत कल्लकुर्ची मेडिकल कॉलेज में हुई। यहां भर्ती 31 मरीजों की मौत हो गई। वहीं सलेम मेडिकल कॉलेज में भर्ती किए गए 18 मरीजों की मौत हो चुकी है।

---

**कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना**

# नीट घोटाले के लिए सरकार में शीर्ष पदों बैठे लोग जिम्मेदार: खरगे

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) परीक्षा स्थगित करने पर केंद्र पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि छात्रों को न्याय दिलाने के लिए मोदी सरकार को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

खरगे ने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में कहा कि नीट घोटाले में मोदी सरकार के शीर्ष पदों पर बैठे लोगों की पूरी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार सोच रही है कि नौकरशाहों को बदलने से शिक्षा प्रणाली में व्याप्त समस्या



का समाधान हो जाएगा, तो ये बड़ी गलतफहमी है।

खरगे ने आगे कहा कि एनटीए को एक स्वायत्त निकाय के रूप में पेश किया गया था, लेकिन वास्तव में इसे भाजपा और आरएसएस के लोगों के हितों की सेवा के लिए बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक, भ्रष्टाचार, अनियमितताएं और शिक्षा माफिया हमारी शिक्षा प्रणाली में घुस गए हैं। अब नीट-पीजी परीक्षा स्थगित कर दी गई है और पिछले 10 दिनों में 4 परीक्षाएं या तो रद्द या स्थगित की जा चुकी हैं। खरगे ने कहा कि ये सब फेससेविंग हो रहा है, इससे कुछ नहीं होने वाला, क्योंकि अनगिनत युवा अभी भी पीड़ित हैं।

### शिक्षा प्रणाली माफिया व भ्रष्टाचारियों के हवाले: प्रियंका

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भी एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा शासन में पूरी शिक्षा प्रणाली माफिया और भ्रष्टाचारियों के हवाले कर दी गई है। देश की शिक्षा और बच्चों के भविष्य को लालची और चाटुकार अयोग्य लोगों के हवाले करने की राजनीतिक जिद और अहंकार ने पेपर लीक, परीक्षा रद्द होना, कैंपस से शिक्षा का गायब होना और राजनीतिक गुंडागर्दी को हमारी शिक्षा व्यवस्था की पहचान बना दिया है।

## शशि थरूर ने वायरल पोस्ट को किया शेयर, भाजपा नेताओं का पलटवार

### क्या है वायरल पोस्ट में

**प्रश्न: उत्तर प्रदेश किसे कहते हैं? जवाब-वह प्रदेश जहां परीक्षा से पहले उत्तर पता चल जाए उसे उत्तर प्रदेश कहते हैं।**



इस बीच, कांग्रेस नेता शशि थरूर की सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट को लेकर विवाद हो शुरू हो गया है। भाजपा नेताओं ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दरअसल शशि थरूर ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक वायरल पोस्ट को शेयर किया था। जिसमें एक सवाल पूछा गया कि उत्तर प्रदेश किसे कहते हैं? जवाब में लिखा गया था कि वो प्रदेश जहां परीक्षा से पहले उत्तर पता चल जाए उसे उत्तर प्रदेश कहते हैं। थरूर ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का हैशटैग भी लगाया है। वहीं कांग्रेस नेता के इस पोस्ट को भाजपा नेताओं ने राज्य का अपमान बताया है।

### यूपी का अपमान निंदनीय: जितिन प्रसाद



केंद्रीय मंत्री और यूपी के नेता जितिन प्रसाद ने लिखा मुझे अपने राज्य और उसके लोगों को इस तरह की निंदनीय टिप्पणियों के साथ स्टीरियोटाइप करके नीचा दिखाने में कोई मजाक नहीं दिखता। यूपी का ऐसा अपमान निंदनीय है और इसकी कड़े शब्दों में निंदा की जानी चाहिए। वहीं, यूपी के एक मंत्री एके शर्मा ने भी इस पर जवाब दिया और कहा कि अपने नेता के चुनाव जीतते ही कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश का हमेशा की तरह पुनः अपमान करना शुरू कर दिया। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने भी कांग्रेस नेता शशि थरूर के पोस्ट पर लिखा कि भारतीयों को शर्मिंदा करने की बेशर्मी भरी राजनीति - यही कांग्रेस का तरीका है, जिसे इस स्व-घोषित वैश्विक नागरिक ने बखूबी प्रदर्शित किया है। कुछ महीने पहले ही कांग्रेस के एक और 'वैश्विक नागरिक' पित्रोदा ने भारतीयों को अफ्रीकी, चीनी, मध्य पूर्वी आदि बताया था, इस तरह की श्रेष्ठता की भावना कांग्रेस के डीएनए में है।

**जरूरी खबर**

## ED ने छापों में जब्त की 37 करोड़ की संपत्ति व दस्तावेज

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने निवेश सलाहकार (सीए) अंबर दलाल के अलग अलग ठिकानों पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान ईडी ने 37 करोड़ रुपए की चल संपत्ति, नकदी, बैंक फंड और डीमैट खाता जब्त कर लिए। एजेंसी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी जब्त किए गए हैं। तलाशी अभियान 21 जून को मुंबई में अलग-अलग जगहों पर चलाया गया। अंबर दलाल पर 600 से अधिक निवेशकों से 380 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है। मुंबई में ओशिवारा पुलिस स्टेशन में अंबर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

## पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत नाजुक



**ढाका/ नई दिल्ली।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा है कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया मृत्यु शय्या पर हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री शेख हसीना पर अपनी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी खालिदा जिया के खिलाफ व्यक्तिगत राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि खालिदा जिया को सही विदेशी इलाज नहीं मुहैया कराया गया है, जिसके कारण उनकी हालत नाजुक हो गई है। 78 वर्षीय खालिदा जिया दुलशन स्थित अपने आवास फिरोजा में अचानक बीमार हो गईं।

## जापान ने भारतीय कंपनी पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** जापान ने रूस की मदद करने के आरोप में एक भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनी समेत कई देशों की 10 कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। पश्चिमी देशों और उसके सहयोगियों ने यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर रूस के खिलाफ सख्त व्यापार और आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। आरोप है कि इन कंपनियों ने व्यापार प्रतिबंधों से बचने में रूस की मदद की। इन कंपनियों के नाम की जानकारी नहीं मिल सकी है। जापान के विदेश मंत्रालय ने संपत्ति जब्ती और निर्यात प्रतिबंध सहित इन कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की घोषणा की है।

## AFMS अधिकारियों ने जीते 32 पदक



*नई दिल्ली। फ्रांस के सेंट ट्रापेज में आयोजित 43वीं विश्व मेडिकल एंड हेल्थ गेम्स में भारत के एएफएमएस अधिकारियों की टीम ने 32 मेडल जीते।*

## सोनाक्षी सिन्हा-जहीर इकबाल विवाह सूत्र में बंधे



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और एक्टर जहीर इकबाल रविवार को शादी के बंधन में बंध गए। जहीर इकबाल और सोनाक्षी सिन्हा ने रिजस्टर्ड मैरिज की है। अब कपल का एक प्यारा सा वीडियो सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि घरवालों और दोस्तों की उपस्थिति में कपल ने एक दूसरे से शादी की है। शादी होते ही सोनाक्षी सिन्हा ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ फोटो शेयर की थीं। वहीं, इस बीच कपल का एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में जहीर इकबाल सोनाक्षी सिन्हा को गले लगाते नजर आ रहे हैं। शादी के लिए सोनाक्षी सिन्हा ने सफेद रंग की साड़ी पहनी। वहीं जहीर इकबाल भी सफेद रंग के कुर्ते में नजर आए।

### लोकसभा का सत्र आज से, पहले दो दिन होगा शपथ ग्रहण


# प्रोटेम स्पीकर समेत कई मुद्दों पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति को लेकर विवाद के बीच मोदी 3.0 में लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू हो रहा है। सोमवार सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी कैबिनेट में शामिल मंत्री बतौर संसद सदस्य शपथ लेंगे। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब शपथ दिलाएंगे। लेकिन प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति को लेकर सत्र के पहले दिन ही विवाद होने के आसार हैं।

इस सत्र में जहां एक ओर सरकार की प्राथमिकता नए लोकसभा स्पीकर का चुनाव और राष्ट्रपति द्वारा संसद के दोनों सदनों में संयुक्त अभिभाषण और उस पर धन्यवाद चर्चा प्रस्ताव रहेगी। वहीं , विपक्ष प्रोटेम स्पीकर के साथ नीट परीक्षा पेपर लीक मामला, बंगाल में ट्रेन दुर्घटना, नए आपराधिक कानूनों का क्रियान्वयन और एक्जिट पोल के बाद शेयर बाजार की कीमतों में उछाल और चुनाव परिणाम के दिन आई गिरावट जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में है। 10 साल बाद पहली बार पीएम मोदी के सामने मजबूत विपक्ष होगा।

### दस साल बाद पीएम मोदी के सामने होगा मजबूत विपक्ष





### ऐसे चलेगा शपथ का सिलसिला

भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन के 292 सांसद, विपक्षी एलायंस इंडिया के 233 सांसद और 18 अन्य सांसद शपथ लेने वाले हैं। कार्यक्रम को दो दिनों में बांटा गया है। शपथ ग्रहण प्रक्रिया मंगलवार तक चलेगी। प्रधानमंत्री के बाद केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी शपथ ग्रहण करेंगे। इसके बाद मंत्री परिषद के अन्य सदस्य सांसद के रूप में शपथ लेंगे। इसके बाद विभिन्न राज्यों के सांसद वर्णमाला के क्रम में शपथ लेंगे। ऐसे में सबसे पहले असम के सांसदों को मौका मिलेगा। सबसे आखिर में पश्चिम बंगाल का बुलावा आएगा।

### महताब लेंगे प्रोटेम स्पीकर की शपथ

ओडिशा के कटक से सात बार के सांसद भर्तृहरि लोकसभा सत्र शुरू होने से पहले सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की देखरेख में प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ लेंगे। इसके बाद वह संसद पहुंचेंगे और सांसदों का शपथ ग्रहण समारोह शुरू करेंगे। राष्ट्रपति ने इस काम में प्रोटेम स्पीकर की मदद के लिए विपक्ष के नेताओं को नियुक्त किया है। कांग्रेस के के. सुरेश, तृणमूल के सुदीप बनर्जी और डीएमके के टीआर बालुक को प्रोटेम स्पीकर के पैनल में रखा गया है लेकिन विपक्ष इस जिम्मेदारी को स्वीकार नहीं करने की सोच रहा है। भाजपा के राधामोहन सिंह और फग्गन सिंह ही प्रोटेम स्पीकर के पैनल में होंगे।

### कांग्रेस ने प्रोटेम स्पीकर पर फिर उठाया सवाल

कांग्रेस ने प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति को लेकर फिर सवाल उठाया है और कहा है कि सरकार ने इस पद के लिए कांग्रेस सदस्य कोडिकुन्निल सुरेश के दावे को नजरअंदाज किया है। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस के सांसद लगातार नहीं जीते हैं, इसलिए उनकी वरिष्ठता का आधार नहीं बनता। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सुरेश की अनदेखी इसलिए की गई क्योंकि वह दलित हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा यह गलत तर्क दे रही है वह लगातार सांसद नहीं रहे। उन्होंने सवाल किया कि तो फिर भाजपा सांसद रमेश जिगाजिनागी को प्रोटेम स्पीकर क्यों नहीं बनाया गया। क्या इसलिए कि वह सुरेश की तरह दलित हैं।

### विपक्षी सांसद एक साथ करेंगे मार्च

लोकसभा के पहले सत्र के पहले दिन विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लोकसभा सदस्य सोमवार सुबह संसद परिसर में एकत्र होंगे और एक साथ सदन की ओर मार्च करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। विपक्षी गठबंधन से जुड़े एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि सांसद पुराने संसद भवन के गेट नंबर 2 के पास एकत्र होंगे, जहां कभी गांधी प्रतिमा हुआ करती थी।

### 26 को स्पीकर का चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण 27 को

सांसदों के शपथ लेने के बाद 26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव कि होगा। इसके बाद राष्ट्रपति 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री 2 या 3 जुलाई को संसद की बहस में हिस्सा ले सकते हैं।

### 10 साल बाद कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी मिलेगी

लोकसभा में इस बार नेता प्रतिपक्ष भी होगा। पिछले 10 साल से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद खाली है, क्योंकि 2014 के बाद से किसी भी विपक्षी दल के 54 सांसद नहीं जीते। नियम के तहत नेता प्रतिपक्ष बनने के लिए लोकसभा की कुल संख्या 543 का 10 फीसदी यानी 54 सांसद होना जरूरी है। 16वीं लोकसभा में मल्लिकार्जुन खरगे 44 सांसदों वाले कांग्रेस संसदीय दल के नेता थे, लेकिन उन्हें नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं था। 17वीं लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी थे।

### अरुणाचल: ईटानगर में फटा बादल

# असम में दो लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित, 39 मरे



**एजेंसी** | ईटानगर

उत्तर भारत में जहां जल्द मानसून दस्तक दे सकता है,वहीं पूर्वोत्तर भारत में बारिश और बाढ़ से लोगों का बुरा हाल है। असम में बाढ़ से दो लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। जबकि 39 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं अरुणाचल प्रदेश की राजधानी इटानगर में रविवार को बादल फटने से कई जगह भूस्खलन और बाढ़ जैसी स्थितियां पैदा हो गई हैं।

असम में कोपिली और कुशियारा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। राज्य के 12 जिलों में बाढ़ की वजह से 2,60,000 से अधिक लोग प्रभावित हैं। बाढ़ का सबसे ज्यादा असर असम के करीमगंज में हुआ है, जहां करीब डेढ़ लाख की आबादी प्रभावित है। राज्य सरकार ने 134 राहत शिविर लगाए हैं, जिसमें करीब 18,000 लोग रह रहे हैं। वहीं राहत सामग्री भी बांटी जा रही है। वहीं, अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में बादल फटने से कई इलाके जलमग्न हो गए हैं और कई घरों में पानी समा गए हैं।

कई इलाकों में बादल फटने से संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा है। कई घर और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

### एमपी के 26 जिलों में मानसून ने दी दस्तक

मध्य प्रदेश में राजधानी भोपाल इंदौर समेत प्रदेश के 26 जिलों में मानसून रविवार को पहुंच गया है। बालाघाट और सीहोर में दोपहर के बाद तेज बारिश हुई। कई जिलों में बादल छाए रहे तो कई जिलों में मौसम साफ रहा। वहीं उत्तर प्रदेश में मानसून पूर्व बरसात जारी है। मौसम विभाग अगले 48 घंटे के भीतर किसी भी वक्त मानसून के प्रदेश में प्रवेश की घोषणा कर सकता है।

### पूर्वोत्तर में बनाने होंगे 50 बड़े तालाब: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मानसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ आने की स्थिति में उससे निपटने की तैयारियों की रविवार को समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि नदियों के जलस्तर के पूर्वानुमान को अपग्रेड कर बाढ़ की समस्या को कम करने के प्रयास हों। शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर में कम से कम 50 बड़े तालाब बनाकर ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को मोड़ने की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे बाढ़ से निजात मिले और कृषि, सिंचाई व पर्यटन विकसित हों।

### पुंछ-राजौरी सेक्टर में 35 से 40 पाकिस्तानी आतंकवादी सक्रिय

# सीमा पार से आए आतंकियों के पास चीनी उपकरण

**एजेंसी** | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पुंछ-राजौरी में 35 से 40 विदेशी आतंकवादी सक्रिय हैं। ये आतंकी दोबारा से घाटी में आतकंवाद को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहे हैं।

वहीं सुरक्षा बलों ने आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में चीनी टेलिकॉम उपकरण 'अल्ट्रा सेट' बरामद हुआ है। इस एनक्रिप्टिड उपकरण का इस्तेमाल पाकिस्तानी सेना कर रही थी। इसके चलते सीमा पार से चोरी-छिपे हो रही घुसपैठ और शहरों और गांवों के बाहरी इलाकों में छिपे आतंकियों को लेकर सुरक्षाबलों में चिंता बढ़ गई है। अधिकारियों का कहना है कि आतंकियों के पास से ऐसा मोबाइल हैंडसेट मिलना इस बात की सबूत है कि आतंकियों को ट्रेनिंग, हथियार और गोला-बारूद मुहैया कराने का काम पाकिस्तानी सेना कर रही है। यह स्पेशलाइज्ड हैंडसेट खासतौर से पाकिस्तानी सेना के लिए चीनी कंपनियों ने बनाया था। सूत्रों के अनुसार "अल्ट्रा सेट" हैंडसेट पीर पंजाल क्षेत्र के दक्षिण में भी पाए गए हैं। अल्ट्रा सेट सेल-फोन क्षमताओं को विशेष रेडियो उपकरणों के साथ जोड़ते हैं, जो ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल (जीएसएम) या कोड-डिवीजन मल्टीपल एक्सेस (सीडीएमए) जैसी पारंपरिक मोबाइल प्रौद्योगिकियों पर निर्भर नहीं होते हैं।



फाइल फोटो

### LOC पर चीन बढ़ा रहा है पाकिस्तान की सैन्य क्षमता

चीन काफी समय से नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना की रक्षा क्षमताओं को सक्रिय रूप से बढ़ा रहा है। इस सहायता में 'स्टीलहेड' बंकरों का निर्माण, मानवरहित हवाई और लड़ाकू हवाईयान की व्यवस्था, एन्क्रिप्टेड संचार टावरों की स्थापना और भूमिगत फाइबर केबल बिछाना शामिल है। इसके अतिरिक्त, लक्ष्य पहचान क्षमताओं में सुधार के लिए "जेवाई" और एचजीआर श्रृंखला जैसी चीनी रडार प्रणालियों को तैनात किया गया है।

### चीनी सैनिकों की मौजूदगी के संकेत मिले

अग्रिम चौकियों पर जनमुक्ति सेना (पीएलए) के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति का हालांकि पता नहीं चला, लेकिन 'टैप' किये गये संदेशों से पता चलता है कि चीनी सैनिक और इंजीनियर नियंत्रण रेखा के पास बुनियादी ढांचे के विकास में शामिल हैं, जिसमें पीओके की लीपा घाटी में भूमिगत बंकरों और सुरंगों का निर्माण भी शामिल है। माना जा रहा है कि इन कार्यों से पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह और चीन के शिनजियांग प्रांत के बीच काराकोरम राजमार्ग के माध्यम से एक सीधा मार्ग स्थापित करने में मदद मिलेगी।

### उरी में सर्च ऑपरेशन जारी

जम्मू-कश्मीर के बारामूला के उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को सुरक्षाबलों ने शनिवार को मार गिराया था।इनमें से एक आतंकी का शव रविवार को मिला है। उरी के गोहलन इलाके में रविवार को भी सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। हालांकि, रविवार को भी यह फायरिंग जारी है या नहीं, इसकी जानकारी साझा नहीं की गई है।

### गंगा जल संधि पर गरमाई सियासत

# CM बनर्जी नाराज, PM को लिख सकती हैं पत्र

**एजेंसी** | कोलकाता

बांग्लादेश के साथ गंगा जल बंटवारा संधि के नवीनीकरण पर बातचीत शुरू करने के केंद्र सरकार के फैसले पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी नाराज बताई जा रही हैं और वह औपचारिक विरोध दर्ज कराने के लिए जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख सकती हैं। वहीं, राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के संसदीय दल के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की राय के बिना फरक्का-गंगा संधि का नवीनीकरण किया जा रहा है। जबकि पश्चिम बंगाल भी इस संधि का भागीदार है। ज्ञात रहे कि शनिवार को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से बातचीत के बाद पीएम मोदी ने कहा था कि हमने 1996 की गंगा जल संधि के नवीनीकरण के लिए तकनीकी स्तर पर बातचीत शुरू करने का निर्णय लिया है। बांग्लादेश में तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन पर तकनीकी दल जल्द ही बातचीत के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगा। दूसरी ओर ब्रायन ने आरोप लगाया, गंगा के तल की खुदाई रोक दी गई है। यह बाढ़ और कटाव का मुख्य कारण है। यह बंगाल को बेचने की योजना है। ओ ब्रायन ने कहा राज्य इस संधि का भागीदार है और यहां तक कि पिछली संधि के तहत हमारा बकाया भी नहीं चुकाया गया है।

## एक्ट्रेस महक चहल ने प्रतिभाओं को किया मोटिवेट, दिए मातृ अवॉर्ड

# जयपुर आईं वृंदावन की 20 माताएं शहर के प्रसिद्ध लोगों ने की रैंप वॉक

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुर का मंच उस समय शोभित हो उठा, जब वृंदावन से आईं 20 माताओं को सम्मान मिला और उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। दूसरी और महिला शक्ति के रूप में बॉलीवुड एक्ट्रेस महक चहल और बिग बॉस फेम सबा ने प्रोग्राम में चार चांद लगा दिए। फिर बारी आई शहर की डिग्निटी की, जिन्होंने रैंप वॉक करते हुए न केवल परिधानों की, बल्कि सेवा कार्यों की खूबसूरती को प्रस्तुत किया। ये अनूठा नजारा जयपुर के होटल नोवोटेल का था, जहां बोधी ट्री की ओर से मातृ अवॉर्ड शो-2024 और रैंप शो आयोजित किया गया। इस मौके पर विशेष रूप से वृंदावन से 20 माताएं जयपुर आईं, जिनके लिए वहां शेल्टर होम्स बनाए जा रहे हैं। प्योर डिवोशन के सुंदर गोपाल दास द्वारा तैयार कराए जा रहे होम्स में उनको रखा जाएगा, जिसकी जानकारी शो के दौरान दी गई। बोधी ट्री जयपुर की संचालिका शुभा गुप्ता ने बताया कि सिंगर शिवम सदान की लाइव परफॉर्मेंस खास रही।






### 60 लोगों को मिला सम्मान

प्रोग्राम के दौरान 60 कैटेगरी में उल्लेखनीय काम करने वालों को अवॉर्ड दिए गए। इसमें 30 महिला व 30 पुरुष शामिल थे। सम्मान देने के साथ उनकी ओर से किए जा रहे कामों के बारे में जानकारी दी गई।

### 8 रूम का घर तैयार 16 की तैयारी

शुभा ने बताया कि वृन्दावन की विधवाओं के लिए आश्रय गृह बनाए जा रहे हैं, जिसमें पहली कड़ी में 8 रूम का घर तैयार है और 16 रूम्स के नए हाउस की शुरुआत होने जा रही है। इसके लिए मुहिम बोधी ट्री की ओर से चलाई गई है।

### 400 से ज्यादा लोग बने गवाह

सामाजिक और फैशन-सिंगिंग से लबरेज कार्यक्रम के 400 से ज्यादा लोग गवाह बने। सिद्धि गुप्ता ने बताया कि प्रोग्राम में फैशन वॉक आयोजित की गई, जिसमें शहर के प्रसिद्ध लोगों ने वॉक करते हुए सेवा कार्यों का संदेश दिया। साथ ही एक कैलेंडर लॉन्च किया गया।





## शिव की बारात अमरनाथ रवाना



**बेधड़क. जयपुर।** जय बाबा अमरनाथ बर्फानी यात्रा प्रदोष सेवा समिति की ओर से शिव की बारात के रूप में अमरनाथ यात्री रवाना हुए। मंदिर श्री गीता गायत्रीजी से बाबा बर्फानी के नारे लगाते हुए जयपुराइट्स रवाना हुए। इस मौके पर संत-साधुओं के साथ समाजसेवी उपस्थत रहे।

## गौड़ को मिलेगा कलाम अवॉर्ड



**बेधड़क. जयपुर।** ज्योतिषाचार्य पंडित पुरुषोत्तम गौड़ को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्रेरणास्पद अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। गौड़ को यह सम्मान टॉपनोच फाउंडेशन के तत्वावधान में 29 जून को विज्ञान भवन दिल्ली में शाम 6 बजे आयोजित होने वाले समारोह में प्रदान किया जाएगा। समारोह के अतिथि केंद्रीय ग्रामीण एवं विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी, हरियाणा के राज्यपाल बंदारु दतात्रेय, केंद्रीय पर्यटन राज्यमंत्री श्रीपद नाइक एवं सांसद हेमा मालिनी और केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह होंगे। उत्तराखंड के हैड़ाखान बाबा के शिष्य ज्योतिषाचार्य पंडित पुरुषोत्तम गौड़ 30 वर्षो से भविष्यवक्ता व कुन्डली विश्लेषक हैं। गुरु कृपा से किसी वे किसी भी जिज्ञासु व प्रश्नकर्ता को बिना कुछ पूछे ही उनके प्रश्नों को पर्चा पर लिख कर पढ़ा देते हैं।

## गोशाला में मल्लखंब कौशल



**बेधड़क. जयपुर।** क्रीड़ा भारती राजस्थान व श्रीकृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट हिंगोनिया गोशाला की ओर से मल्लखंब प्रशिक्षण संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्रीड़ा भारती अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर रहे। अध्यक्षता श्रीकृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट रघुपति दास महाराज ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राजस्थान मल्लखंब संघ अध्यक्ष धनंजय, आरएसएस प्रांत कार्यकारिणी सदस्य संजीव भार्गव, सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती उपाध्यक्ष मोहित टेलर रहे। सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती संयोजक मनीष शर्मा, सहसंयोजक सत्यवीर योगी, मल्लखंब प्रशिक्षक गोपाल सिसौदिया, जितेंद्र रतलाम व अन्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रसाद महानकर ने कहा कि खिलाड़ियों को परिश्रम और धैर्य से निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए। श्री कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट हिंगोनिया गौशाला के रघुपति दास ने कहा कि वह जितना संभव होगा खेल केंद्रों को बढ़ाने के लिए सहायता करेंगे। कार्यक्रम में मोहित टेलर ने कहा कि सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती आगे भी ऐसे आयोजन करती रहेगी।

# City इवेंट्स

## आदिनाथ का गर्भ कल्याणक मनाया



**बेधड़क. जयपुर।** जैन धर्म के प्रवर्तक व प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का गर्भ कल्याणक मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के आयोजन हुए। पूजा के दौरान गर्भ कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए भगवान के जयकारों के साथ अर्घ्य चढ़ाया गया। महाआरती के बाद समापन हुआ। आगरा रोड पर श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, आचार्यों का रास्ता स्थित श्रीदिगम्बर जैन मंदिर सिरमोरियान, मनिहारों का रास्ता स्थित श्रीदिगम्बर जैन मंदिर बड़ा दीवानजी, सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर, एसएफएस दिगम्बर जैन मंदिर, मीरा मार्ग दिगंबर जैन मंदिर सहित कई मंदिरों में आयोजन हुए। जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का गर्भ कल्याणक दिवस व 13वें तीर्थंकर भगवान विमल नाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस गुरुवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर दिगम्बर जैन मंदिरों में मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा।

## पुष्कर कुमार गिरि बने अध्यक्ष

**बेधड़क. जयपुर।** दानपुर की विकास व जन कल्याण समिति बैंक कॉलोनी के चुनाव में सर्वसम्मति से पुष्कर कुमार गिरि को अध्यक्ष, सुनील को सचिव व आमोद को कोषाध्यक्ष चुना गया। पुष्कर ने कॉलोनी के विकास के लिए सदस्यों से जुड़ने का अनुरोध किया और इसे सशक्त सुचारू बनाने पर जोर दिया।

## बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट में दिखा रोमांच



**बेधड़क. जयपुर।** टैक्स प्रोफेशनल्स एसोसिएशन की ओर से बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का 2 दिवसीय आयोजन किया गया। जयपुर टर्फ में आयोजित हुए कार्यक्रम में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। इस दौरान सीए, सीएस, सीएमए और एडवोकेट के सदस्यों ने भाग लिया और सभी मैचों में रोमांच देखने को मिला। एसोसिएशन अध्यक्ष सीए अंकित कुमार जैन, सचिव सीए अनूप रांटा, कार्यक्रम निदेशक सीएस नितिन होतचंदानी और कार्यक्रम सह-निदेशक सीए तेज प्रकाश अग्रवाल आदि इस मौके पर मौजूद रहे। फाइनल मैच सीएमए अचीवर्स और जेसीवायसी के बीच खेला गया, जिसमें जेसीवायसी ने शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की। मुख्य अतिथि सीए संजय महेश्वरी ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर मोटिवेट किया।

## प्रेरणा शैक्षिक संगठन का प्रतिभा सम्मान समारोह

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन दिया



**बेधड़क | जयपुर**

इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान के सभागार में प्रेरणा शैक्षिक संगठन की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। साथ ही चौहान परिवार की ओर से नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. ललित के. पंवार ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन दिया। बयाना विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने छात्राओं की शिक्षा पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट देवेंद्र चौहान ने की। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष रतन लाल चौहान ने प्रेरणा गीत का विमोचन किया।

समारोह को अतिरिक्त जिला कलेक्टर दूदू गोपाल परिहार, से. संयुक्त रजिस्ट्रार जवाहर लाल परिहार, सहा. रजिस्ट्रार सहकारिता डॉ. प्रमोद सिंदल, प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार परिहार, श्रवण कुमार परिहार, रेणुका डांगी और कृषि वैज्ञानिक डॉ. ललित छाता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में भामाशाह रामनारायण बनावत, अखिलेश डांगी और इंडियन आइडल फाइनलिस्ट पीयूष पंवार को प्रेरणा रत्न प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र कुमार परिहार ने किया। कार्यक्रम में प्रेरणा कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहनलाल डांगी, मदनलाल चौहान, सुनील चौहान, शेखर मानव, जितेंद्र वर्मा, बरखा सिसोदिया, जयप्रकाश राणा, नीरज डांगी, पुष्पेंद्र कुमार, अशोक जबड़ा, भंवर लाल परमार,सोमप्रसाद साहिल, पुखराज, हरीश गहलोत, सत्यप्रकाश, राज नारायण सिसोदिया का योगदान रहा।

## समग्र विकास संस्थान का जेकेके में विशेष समारोह

# देशभर की प्रतिभाओं को मिला समग्र नेशनल आइकन अवॉर्ड



**बेधड़क | जयपुर**

जवाहर कला केंद्र में रविवार को समग्र विकास संस्थान की ओर से समग्र नेशनल आइकन अवॉर्ड-2024 का आयोजन किया गया। समारोह में विभिन्न राज्यों से अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 51 विभूतियों को सम्मानित किया गया।

संस्थान की संस्थापक डायरेक्टर एडवोकेट दया शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रहलाद राय टाक, अध्यक्ष श्रीयादे माटी कला बोर्ड राज्य मंत्री और गोपाल शर्मा-विधायक सिविल लाइंस तथा विशिष्ट अतिथि श्रवण सिंह बगड़ी-प्रदेश महामंत्री भाजपा रहे। संस्थान सचिव राम यादव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय व प्रांतीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित व सम्मानित करना था। इस मौके पर संस्थान के चितौड़गढ़ टीम हैड अमित कुमार चेचानी ने बताया कि सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति खास रही, जिसमें कलाकारों ने लोक कलाओं को प्रसारित किया। संस्थान प्रतिनिधि अनिल जैन, मनीष कुमावत, सीकर टीम हैड प्यारे लाल जांगिड़, सदस्य शारदा शर्मा, बबिता सैनी, मोनिका जादम ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

उन्होंने बताया कि संस्थान 23 वर्षों से सामाजिक सरोकार की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिए है। इसमें बालिका शिक्षा, नारी उत्थान व स्वास्थ्य, रक्तदान, गरीब व असहाय बच्चों व लोगों की मदद करना, पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियां शामिल हैं।

**रागाज ऑफ मदन मोहन** | सीए रोहित कटारिया और डॉ. आकांक्षा ने तैयार की गानों की विशेष शृंखला

# राग-रागिनियों पर आधारित गीतों के गुलदस्ते ने जीता दिल

**बेधड़क | जयपुर**

महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम रविवार की शाम भारतीय शास्त्रीय संगीत के राग चारूकेशी, दरबारी, यमन, किरवानी और भैरवी जैसे राग-रागनियों के सौन्दर्य तत्व से निखर उठा। मौका था सिंगर रोहित कटारिया और डॉ. आकांक्षा दवे की ओर से तैयार किए गए राग आधारित फिल्मी गीतों के विशेष कार्यक्रम 'रागाज ऑफ मदन मोहन' की प्रस्तुति का। संगीतकार मदन मोहन की 100वीं जयंती पर कार्यक्रम में सांगीतिक गुरु चंद्र कटारिया के लाइव बैंड निर्देशन में 15 राग-रागिनियों पर आधारित 25 फिल्मी गीतों का गुलदस्ता पेश कर संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया। खास बात रही कि ये सभी गीत संगीतकार मदन मोहन की रचनाएं थीं। म्यूजिकल इंफोटेनमेंट से परिपूर्ण प्रोग्राम की यू-ट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीमिंग की गई।




### इन गीतों की प्रस्तुति रही खास

कार्यक्रम की शुरुआत मदन मोहन के गीतों की धुनों के थीम म्यूजिक से की गई, जिसका अरेंजमेंट पवन कुमार जैन ने किया। इसके बाद रोहित ने फिल्म 'हंसते जख्म' का 'तुम जो मिल गए हो...' पेश किया। आकांक्षा ने रोहित के साथ मिलकर फिल्म वो कौन थी का दिलकश गीत 'नयना बरसे रिमझिम रिमझिम' पेश किया । चंद्र कटारिया ने फिल्म परवाना का गीत 'सिमटी सी शरमाई सी' को शोख अंदाज में प्रस्तुत किया।

### इन गीतों के मेडले ने मोहा

कार्यक्रम में की बोर्ड पर रवि टिलवानी और पवन कुमार जैन, ऑक्टोपैड पर दीपू सोलंकी, लीड गिटार पर डैनी डेविड, बेस गिटार पर सुनील कुमार, ढोलक पर महेंद्र शर्मा और तबले पर गुलाम गोस ने संगत की। कार्यक्रम में एक ही राग पर आधारित विभिन्न गीतों का मेडले सुनने योग्य रहा। कार्यक्रम का संचालन गौरव शर्मा ने किया। इस मौके पर डॉ. गिरीन्द्र तलेगांवकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अज्ञानी होना उतना शर्मनाक नहीं है जितना सीखने की अनिच्छा होना।
**विनायक शर्मा**, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## इजराइल के लड़ाकू विमानों ने हमास के दो सैन्य ठिकानों पर बरसाए बम

# उत्तरी गाजा पर इजराइली अटैक में 39 की मौत



**एजेंसी** | गाजा

उत्तरी गाजा में इजराइल के हमले में कम-से-कम 39 लोगों की मौत हो गई है। एक दिन पहले ही दक्षिणी शहर रफाह के करीब शरणार्थी शिविर पर हुए हमले में 25 लोगों की मौत हो गई थी। इजराइल ने कहा कि मध्य और दक्षिणी गाजा में अपना अभियान जारी रखेगा।

फिलिस्तीनी और अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी गाजा में इजराइल के हमलों में 39 लोग मारे गए हैं। गाजा सिटी में अल-अहली अस्पताल के निदेशक फादेल नईम के मुताबिक करीब 36 शव अस्पताल में पहुंचाए गए। इजराइल ने कहा कि उसके लड़ाकू विमानों ने गाजा सिटी क्षेत्र में हमास के दो सैन्य ठिकानों पर हमला किया। हालांकि इन हमलों को लेकर इजराइल की तरफ से अधिक जानकारी नहीं दी गई। एक दिन पहले ही दक्षिणी शहर राफा के पास तम्बू शिविरों पर हुए हमलों में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 50 लोग घायल हो गए थे।



### अब तक 37,400 से ज्यादा फिलिस्तीनियों की गई जान

उल्लेखनीय है कि 7 अक्टूबर को हमास आतंकियों ने दक्षिणी इजराइल पर हमला कर लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया था। इजराइल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गाजा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर हमास आतंकियों के खात्मे के लिए अभियान शुरू कर दिया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइल के जवाबी हमलों में अब तक 37,400 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

## हज यात्रा में 'लू' ने किया मौत का तांडव

# सऊदी में 1150 हज यात्रियों की मौत

**एजेंसी** | मक्का

सऊदी अरब में हज यात्रा के दौरान अब तक 1150 हज यात्रियों की मौत हो गई है। इनमें सबसे ज्यादा मिस्र के 658, इंडोनेशिया के 199 और भारत के 98 हैं। जॉर्डन से 75, ट्यूनीशिया से 49, पाकिस्तान से 35, और ईरान से 11 हज यात्रियों की मौत की खबर है। मिस्र के मारे गए 658 हज यात्रियों में से 630 बिना वीजा के हज के लिए गए थे। इस भयावह समस्या से निपटने के लिए मिस्र ने क्राइसिस सेंटर का गठन किया है।

कई रिपोर्ट्स में बताया था कि इनमें से ज्यादातर मौतें मक्का में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते हुई हैं क्योंकि तापमान यहां का तापमान 51 डिग्री के भी पार चला गया था, लेकिन अब सऊदी अरब ने इन मौतों पर अपनी चुप्पी तोड़ दी है। सऊदी अरब ने अपने यहां मरने वाले हज यात्रियों की मौत की वजह को बताते हुए कई बड़े चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।

सऊदी अरब सरकार की तरफ से एक अधिकारी ने इंटरव्यू में खुलासा करते हुए कहा कि हम पर जो आरोप लगाए जा रहे हैं वो गलत हैं, सरकार ने नियमों के मुताबिक ही लोगों को यहां आने के परमिट जारी किए हैं और उनकी संख्या भी सीमित रखी, लेकिन बावजूद इसके भारी संख्या में यहां लोग आए। इस साल 18 लाख हज यात्रियों के मक्का आने का परमिट जारी हुआ था, लेकिन उनकी लगभग 30 लाख लोग यहां पर आए। इस वजह से हमारे 18 लाख यात्रियों के लिए किए गए इंतजाम कम पड़ गए।



### एक साथ भीड़ हुई एकत्र

अधिकारी ने कहा कि शुरुआत की यात्रा के दिनों में सबसे ज्यादा 577 मौतें हुईं थीं। पहले दिन तब, जब लोग माउंट अराफात पर तेज धूप में घंटों प्रार्थना के लिए इकट्ठा हुए थे और दूसरे दिन तब, जब लोग 'शैतान को पत्थर मारने' के लिए इकट्ठा हुए थे। इतने सारे लोगों का इतनी भीषण गर्मी में इकट्ठा होना उनकी मौत का बड़ा कारण बना। क्योंकि रहने की जगह में कमी के चलते कई लोगों को धूप-गर्मी में इधर-उधर भटकना पड़ा, वहीं पीने के पानी के इंतजाम भी सीमित थे, जो भी मौत की एक बड़ी वजह बना। अधिकारी ने ये भी कहा कि बगैर परमिट वाले लोगों को यहां सऊदी अरब में रह रहे दलालों ने अवैध तरीके से बुलाया। उनके रहने-खाने-पीने का इंतजाम करने के वादे करके उन्हें यहां बुलाया गया, लेकिन बाद में उन्हें उनके हालात में छोड़ दिया गया क्योंकि कहीं ना कहीं उन्हें भी डर था कि अगर वो पकड़े गए तो उन्हें कड़ी सजा भुगतनी पड़ सकती है।

### लगातार बढ़ रहा है तापमान

सऊदी अरब में जलवायु परिवर्तन से हज यात्रा प्रभावित हुई। मक्का में पारा हर दशक 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ रहा है। सऊदी राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि मक्का की ग्रैंड मस्जिद में तापमान 51.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। सऊदी अरब के अधिकारियों ने बताया कि गर्मी से पीड़ित 2,000 से भी ज्यादा हज यात्रियों का इलाज किया गया।

## परमाणु हथियार संपन्न उत्तर कोरिया के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन

# अमेरिकी पोत पहुंचा दक्षिण कोरिया

**सियोल।** परमाणु हथियार संपन्न उत्तर कोरिया के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन के लिए अमेरिकी विमानवाहक पोत दक्षिण कोरिया पहुंचा। एक परमाणु ऊर्जा चालित अमेरिकी विमानवाहक पोत त्रिपक्षीय अभ्यास के लिए दक्षिण कोरिया पहुंचा। इसका उद्देश्य उत्तर कोरिया के खतरों से निपटने के लिए अपने सैन्य प्रशिक्षण को बढ़ाना था, जो रूस के साथ उसके गठबंधन के कारण बढ़ गए थे। बुसान में यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट स्ट्राइक समूह का आगमन ऐसे समय में हुआ है, जब एक दिन पहले ही दक्षिण कोरिया ने रूसी राजदूत को तलब कर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के बीच इस सप्ताह हुए समझौते पर विरोध जताया था, जिसके तहत युद्ध की स्थिति में परस्पर रक्षा सहायता का वचन दिया गया है।

दक्षिण कोरिया का कहना है कि यह समझौता उसकी सुरक्षा के लिए खतरा है और उसने चेतावनी दी है कि वह प्रतिक्रिया स्वरूप रूसी आक्रमण से लड़ने के लिए यूक्रेन को हथियार भेजने पर विचार कर सकता है - ऐसा कदम जो निश्चित रूप से मास्को के साथ उसके संबंधों को बर्बाद कर देगा। जून की शुरुआत में सिंगापुर में अपने रक्षा प्रमुखों के बीच हुई बैठक के बाद, संयुक्त राज्य अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने फ्रीडम एज की घोषणा की। नए बहु-क्षेत्रीय अभ्यास का उद्देश्य वायु, समुद्र और साइबरस्पेस सहित संचालन के विभिन्न क्षेत्रों में देशों की संयुक्त प्रतिक्रिया को तेज करना है। थियोडोर रूजवेल्ट स्ट्राइक ग्रुप इस अभ्यास में भाग लेगा, जो इसी माह शुरू होने की उम्मीद है।




## राष्ट्रपति फर्डिनेंड ने कहा...

# किसी के आगे नहीं झुकेगा फिलीपींस

■ चीनी व फिलीपींस के सैनिकों में हुई झड़प

**एजेंसी** | मनीला

फिलीपींस के राष्ट्रपति ने रविवार को कहा कि उनका देश किसी भी विदेशी शक्ति के आगे नहीं झुकेगा और न ही कभी युद्ध भड़काएगा। उनका यह बयान दक्षिण चीन सागर में चीनी सेना और फिलीपींस के नौसैनिकों के बीच झड़प के बाद सामने आई हैं। इस दौरान दो सैन्य वोट को छुरा, कुल्हाड़ियों और हथौड़ों से क्षतिग्रस्त कर दिया।

राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर अपने शीर्ष जनरलों और रक्षा प्रमुख के साथ पश्चिमी द्वीप प्रांत पलावन उन नौसेना कर्मियों से मिलने और उन्हें पदक प्रदान करने के लिए पहुंचे। यह घटना तब हुई जब फिलीपींस की नौसेना सेकंड थामस शोल पर जरूरी सामानों की आपूर्ति कर रहा था। सार्वजनिक किए गए वीडियो और तस्वीरों में चीनी तटरक्षक फिलीपींस की नौसेना के वोट पर लकड़ी के पट्टे से हमला बोलते और सायरन बजाते दिख रहे हैं। साथ ही इसमें वे एक बैग जब्त करते दिख रहे हैं।




### एक-दूसरे को ठहराया दोषी

चीनी सरकार ने कहा कि उसके तटरक्षक को कार्रवाई करनी पड़ी, क्योंकि फिलीपींस की नौसेना ने चेतावनी की परवाह नहीं की। चीन इस क्षेत्र को अपना अपतटीय क्षेत्र कहता है, हालांकि फिलीपींस और अन्य की ओर से इस दावे को लंबे समय से खारिज किया जाता रहा है। इसकी अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान, आस्ट्रेलिया और अन्य पश्चिमी और एशियाई देशों ने निंदा की है। वहीं, चीन और फिलीपींस ने इसके लिए एक-दूसरे को दोषी ठहराया है। मार्कोस के प्रमुख सलाहकारों ने कहा कि उनके प्रशासन की अमेरिका के साथ देश की पारस्परिक रक्षा संधि को लागू करने की कोई योजना नहीं है। हम युद्ध भड़काने के पक्ष में नहीं हैं।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl